शृणुष्व सुख चित्तेन वक्ष्ये देवि ! समासतः ।।
देवि ! प्रत्यङ्गिरा विद्या सर्व ग्रह निवारिणी ।
मर्दिनी सर्व दुष्टानां सर्व पाप प्रमोचिनी ।।
स्त्री बाल प्रभृतीनां च जन्तूनां हित कारिणी ।
सौभाग्य जननी देवि बल पुष्टि करी सदा ।।

विनियोगः —

ॐ ॐ ॐ अस्य श्री प्रत्यङ्गिरा मन्त्रस्य श्री अंगिरा ऋषिः, अनुष्टुप् छन्दः, श्री प्रत्यङ्गिरा देवता, हूं बीजं ह्रीं शक्तिः, क्रीं कीलकं, ममाभीष्ट सिद्धये पाठे विनियोगः ।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अङ्गन्यास —

श्री अंगिरा ऋषये नमः शिरसि ।
अनुष्टुप् छन्द से नमः मुखे ।
श्री प्रत्यङ्गिरा देवतायै नमः हृदि ।
हूं बीजाय नमः गुह्ये ।
ह्रीं शक्तये नमः पादयोः ।
क्रीं कीलकाय नमः सर्वाङ्गे ।
ममाभीष्ट सिद्धये पाठे विनियोगाय नमः अंजलौ।

॥ अथ देवी ध्यानम् ॥

भुजैश्चतुर्भिर्धृत तीक्ष्ण बाण
धनुर्वराभीश्च शवांघ्रि युग्मा।
रक्ताम्बरा रक्त तनस्त्रिनेत्रा
प्रत्यङ्गिरेयं प्रणतं पुनातु ।।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

॥ अथ श्री काली प्रत्यङ्गिरा प्रारम्भः॥

ॐ नमः सहस्त्र सूर्येक्षणाय श्रीकण्ठानादि रूपाय पुरुषाय पुरु हुताय ऐं महा सुखाय व्यापिने महेश्वराय जगत् सृष्टि कारिणे ईशानाय सर्व व्यापिने महा घोराति घोराय ॐ ॐ ॐ प्रभावं दर्शय दर्शय।

ॐ ॐ ॐ हिल हिल, ॐ ॐ ॐ विद्युज्जिह्वे बन्ध बन्ध, मथ, मथ, प्रमथ प्रमथ, विध्वंसय विध्वंसय, ग्रस ग्रस, पिव पिव, नाशय नाशय, त्रासय त्रासय, विदारय विदारय, मम शत्रून् खाहि खाहि, मारय मारय, मां सपरिवारं रक्ष रक्ष, करि कुम्भस्तनि सर्वोपद्रवेभ्यः।

ॐ महा मेघौघ राशि सम्वर्तक विद्युदन्त कपर्दिनि, दिव्य कनकाम्भोरुहविकच माला धारिणि, परमेश्वरि प्रिये ! छिन्धि छिन्धि, विद्रावय विद्रावय, देवि ! पिशाच नागासुर गरुड किन्नर विद्याधर गन्धर्व यक्ष

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

राक्षस लोकपालान् स्तम्भय स्तम्भय, कीलय कीलय, घातय घातय, विश्वमूर्ति महा तेजसे ॐ हुं सः मम शत्रूणां विद्यां स्तम्भय स्तम्भय, ॐ हूं सः मम शत्रूणां मुखं स्तम्भय स्तम्भय, ॐ हूं सः मम शत्रूणां हस्तौ स्तम्भय स्तम्भय, ॐ हूं सः मम शत्रूणां पादौ स्तम्भय स्तम्भय, ॐ हूं सः मम शत्रूणां गृहागत कुटुम्ब मुखानि स्तम्भय स्तम्भय, स्थानं कीलय कीलय, ग्रामं कीलय कीलय, मण्डलं कीलय कीलय, देशं कीलय कीलय, सर्व सिद्धि महाभागे! धारकस्य सपरिवारस्य शान्तिं कुरु कुरु, फट् स्वाहा, ॐ ॐ ॐ ॐ ॐ, अं अं अं अं अं, हूं हूं हूं हूं हूं , खं खं खं खं खं, फट् स्वाहा । जय प्रत्यङ्गिरे ! धारकस्य सपरिवारस्य मम रक्षां कुरु कुरु, ॐ हूं सः जय जय स्वाहा ।

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं ब्रह्माणि ! शिरो रक्ष रक्ष, हूँ स्वाहा ।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं कौमारि ! मम वक्त्रं रक्ष रक्ष, हूँ स्वाहा । ॐ ऐं ह्रीं श्रीं वैष्णवि ! मम कण्ठं रक्ष रक्ष, हूं स्वाहा ।

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं नारसिंहि ! ममोदरं रक्ष रक्ष, हूं स्वाहा ।

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं इन्द्राणि ! मम नाभिं रक्ष रक्ष, हूं स्वाहा ।

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं चामुण्डे ! मम गुह्यं रक्ष रक्ष, हूं स्वाहा ।

ॐ नमो भगवति, उच्छिष्ट चाण्डालिनि, त्रिशूल वज्रांकुशधरे मांस भक्षिणि, खट्वांग कपाल वज्रासि-धारिणि ! दह दह, धम धम, सर्व दुष्टान् ग्रस ग्रस, ॐ ऐं ह्रीं श्रीं फट् स्वाहा ।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ॐ दंष्ट्रा-करालि, मम मन्त्र-तन्त्र-वृन्दादीन् विष शस्त्राभिचारकेभ्यो रक्ष रक्ष स्वाहा ।

स्तम्भिनी मोहिनी चैव क्षोभिणी द्राविणी तथा ।
जृम्भिणी त्रासिनी रौद्री तथा संहारिणीति च ॥

शक्तयः क्रम योगेन शत्रु पक्षे नियोजिताः ।
धारिताः साधकेन्द्रेण सर्व शत्रु निवारिणी ॥

ॐ स्तम्भिनि ! स्फ्रें मम शत्रून स्तम्भय २, स्वाहा।
ॐ मोहिनी ! स्फ्रें मम शत्रून मोहय २, स्वाहा ॥

ॐ क्षोभिणि ! स्फ्रें मम शत्रून क्षोभय २, स्वाहा।
ॐ द्राविणि ! स्फ्रें मम शत्रून द्रावय २, स्वाहा॥

ॐ जृम्भिणि! स्फ्रें मम शत्रून जृम्भय २, स्वाहा।
ॐ त्रासिनि ! स्फ्रें मम शत्रून त्रासय २, स्वाहा ॥

ॐ रौद्रि ! स्फ्रें मम शत्रून संतापय २, स्वाहा ।
ॐ संहारिणि ! स्फ्रें मम शत्रून संहारय २, स्वाहा॥

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

॥ अथ फलश्रुतिः ॥

य इमां धारयेद् विद्यां, त्रि-सन्ध्यं वापि यः पठेत् ।
सोऽपि व्यथागतश्चैव हन्याच्छत्रून न संशयः ॥
सर्वतो रक्षतो देवि ! भयेषु च विपत्तिषु ।
महा भयेषु सर्वेषु न भयं विद्यते क्वचित् ॥
विद्यानामुत्तमा विद्या वाचिता धारिता पुनः ।
लिखित्वा च करे कण्ठे बाहो शिरसि धारयेत् ॥
स मुच्यते महा घोरैर्मृत्यु तुल्यर्दुरासदैं ।
दुष्ट ग्रह व्याल चौर रक्षो यक्ष गणास्तथा ॥
पीडां न तस्य कुर्वन्ति ये चान्ये पीडका ग्रहा ।
हरि चन्दन मिश्रेण गोरोचन कुंकमेन च ॥
लिखित्वा भूर्ज पत्रे तु धारणीया सदा नृभिः ।
पुष्प धूप विचित्रैश्च बल्युपहार वन्दनैः ॥
पूजयित्वा यथा न्यायं त्रि-लोहेनैव वेष्टयेत् ।
धारयेद् य इमां मन्त्री लिखित्वा रिपु नाशिनीम् ॥

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विलयं यान्ति रिपवः प्रत्यङ्गिरा विधारणात् ।
यं यं स्पृशति हस्तेन यं यं खादति जिह्वया ।।

अमृतत्वं भवेत् तस्य मृत्युर्नास्ति कदाचन ।
त्रिपुरं तु मया दग्धमिमं मन्त्रं विजानता ।।

निर्जितास्ते सुराः सर्वे देवैर्विद्याधरादिभिः ।
दिव्यैर्मन्त्र पदैर्गुह्यैः सुखोपायैः सुरक्षितैः ।।

पठेद् रक्षा विधानेन मत्रराज प्रकीर्तितः ।
क्रान्ता दमनकं चैव रोचनं कुंकुमं तथा ।।

अरुष्करं विषाविष्टं सिद्धार्थं मालतीं तथा ।
एतद् द्रव्य गणं भद्रे ! गोलमध्ये निधापयेत् ।।

संस्कृतं धारयेन्मन्त्री साधको ब्रह्म वित् सदा ।
अङ्गिरास्य मुनि प्रोक्तश्छन्दोनुष्टुपुदाहृतः ।।

देवता च स्वयं काली काम्येषु विनियोजयेत् ।।

।। इति श्री अंगिरा ऋषि कृतं काली प्रत्यङ्गिरा समाप्तम् ।।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कालिकाष्टकम्

॥ ध्यानम् ॥

गलद्-रक्तमुण्डावली -कण्ठमाला
महाघोररावा सुदंष्ट्रा कराला ।
विवस्त्रा श्मशानालया मुक्तकेशी
महाकाल-कामाकुला-कालिकेयम् ॥१॥

भुजे वाममयुग्मे शिरोऽसी दधाना
वरं दक्षयुग्मेऽभयं वै तथैव ।
सुमध्याऽपि तुङ्गस्तनाभारनम्रा
लसद्रक्त सृक्कद्वया सुस्मितास्या ॥२॥

शवद्वन्द्वकर्णावतंसा सुकेशी
लसत्प्रेतपाणि-प्रयुक्तैक - काञ्ची ।
शवाकार-मञ्चाधिरूढा शिवाभि-
श्चतुर्दिक्षु शब्दायमानाऽभिरेजे ॥३॥

विरञ्च्यादिदेवास्त्रयस्ते गुणांस्त्रीन्
समाराध्य कालि ! प्रधाना बभूवुः ।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अनादिं सुरादिं मखादिं भवादिं
स्वरूपं त्वदीयं न विन्दन्ति देवाः ॥४॥
जगन्मोहनीयं तु वाग्वादिनीयं
सुहृत्पोषिणीं शत्रुसंहारणीयम् ।
वचः स्तम्भनीयं किमुच्चाटनीयं
स्वरूपं त्वदीयं न विन्दन्ति देवाः ॥५॥
इयं स्वर्गदात्री पुनः कल्पवल्ली
मनोजांस्तु कामान् यथार्थं प्रकुर्यात् ।
कथा ते कृतार्था भवन्तीति नित्यं
स्वरूपं त्वदीयं न विन्दन्ति देवाः ॥६॥
सुरापानमत्ते ! सुभक्तानुरक्ते
लसत्पूतचित्ते ! सदाविर्भवस्ते ।
जपं-ध्यान-पूजा -सुधाधौतपङ्काः
स्वरूपं त्वदीयं न विन्दन्ति देवाः ॥७॥
चिदानन्दकन्दं हसन्मन्दमन्दं
शरच्चन्द्रकोटि-प्रभापुञ्ज-बिम्बम् ।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मुनीनां कवीनां हृदि द्योतमानं
स्वरूपं त्वदीयं न विन्दन्ति देवाः ॥८॥

महामेघकाली सुरक्ताऽपि शुभ्रा
कदाचिद् विचित्राकृतिर्योगमाया ।
न बाला न वृद्धा न कामातुराऽपि
स्वरूपं त्वदीयं न विन्दन्ति देवाः ॥९॥

क्षमस्वापराधं महागुप्तभावं
मया लोकमध्ये प्रकाशीकृतं यत् ।
तव ध्यानपूतेन चापल्यभावात्
स्वरूपं त्वदीयं न विन्दन्ति देवाः ॥१०॥

॥ फलश्रुतिः ॥

यदि ध्यानयुक्तः पठेद् यो मनुष्य-
स्तदा सर्वलोके विशालो भवेच्च ।
गृहे चाऽष्टसिद्धिर्मृते चापि मुक्तिः
स्वरूपं त्वदीयं न विन्दन्ति देवाः ॥११॥

***

॥ इति सविधानं विपरीत प्रत्यङ्गिरा स्तोत्रं सम्पूर्णम् ॥

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

देवी-आरती

जय अम्बे गौरी मैया जय श्यामा गौरी।
मैया जय मंगलकरणी, मैया जय आनन्दकरणी।।
तुमको निशिदिन ध्यावत हरि ब्रह्मा शिवरी।।जय०।।
माँग सिन्दूर विराजत टीको मृगमद को।
उज्जवल से दोउ नैना चंद्रबदन नीको।।जय०।।
कनक समान कलेवर रक्ताम्भर राजै।
रक्त पुष्प गल माला कण्ठन पर साजै।।जय०।।
केहरि वाहन राजत खड्ग खप्पर धारी।
सुर नर मुनि जन सेवत तिनके दुखहारी।।जय०।।
कानन कुण्डल शोभित नासाग्रे मोती।
शुम्भ निशुम्भ विदारे महिषासुर घाती।।जय०।।
धूम्रविलोचन नैना निशिदिन मदमाती।
चण्ड मुण्ड संहारे शोणित बीज हरे।।जय०।।
मधु कैटभ दोउ मारे सुर भयहीन करे।
ब्रह्माणी रुद्राणी तुम कमलारानी।।जय०।।
आगम निगम बखानी तुम शिव पटरानी।
चौंसठ योगिनि गावत नृत्य करत भैरूँ।।जय०।।
बाजत ताल मृदंगा औ बाजत डमरू।।जय०।।
तुम ही जग की माता तुम ही हो भरता।
भक्तन की दुख हरता सुख सम्पति करता।।जय०।।
भुजा चार अति शोभित वरमुद्रा धारी।
मनवांछित फल सेवत नर नारी।।जय०।।
कंचन थाल विराजत अगर कपूर बाती।
श्रीमालकेतु में राजत कोटि रतन ज्योती।।जय०।।
श्री अम्बे जी की आरती जो कोई नर गावै।
कहत शिवानन्द स्वामी सुख सम्पत्ति पावै।।जय०।।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ॐ पितृन् तर्पयामि नमः ।

ॐ गुरुं तर्पयामि नमः ।

ॐ परमगुरुं तर्पयामि नमः ।

ॐ परापरगुरुं तर्पयामि नमः ।

ॐ परमेष्ठिगुरुं तर्पयामि नमः ।

तथा मूलमन्त्र से—

ॐ छिन्नमस्ता देवीं तर्पयामि नमः ।

उक्त मन्त्रों से तीन-तीन बार तर्पण करें । फिर—

"ॐ छिन्नमस्तावरणदेवतास्तर्पयामिनमः ।"

से आवरण-देवताओं का तर्पण करें ।

इसके बाद स्वच्छ शुष्क वस्त्र पहिनकर—

"ॐ ह्रां ह्रूं सः मार्तण्ड भैरवाय प्रकाशशक्ति संहिताय इदमर्घ्यं स्वाहा ।"

उक्त मन्त्र से सूर्य को पुनः अर्घ्य देकर, पहले सूर्य मण्डल में गायत्री का ध्यान करें । यथा—

"मध्याह्ने श्यामवर्णां चतुर्भुजां शङ्खचक्रलसत्करां ।

गदापद्मधरां देवीं सूर्यासनकृताश्रयाम् ।।"

उक्त विधि से ध्यान करने के बाद निम्नलिखित 'छिन्नमस्ता-गायत्री' मन्त्र का १०८ बार जप करें—

छिन्नमस्ता-गायत्री

"ॐ वैरोचन्यै विद्महे छिन्नमस्तायै धीमहि तन्नो देवी प्रचोदयात् ।"

इसके बाद सूर्य-मण्डल स्थित देवी को मानसिक-प्रणाम कर, वरुणादेव को नमस्कार करके गृह को प्रस्थान करें ।

नित्यार्चन-विधि

भली-भाँति शुद्ध होकर तथा स्वच्छ वस्त्र धारण कर, पूजा-गृह के द्वार पर जाकर सर्वप्रथम 'सामान्यार्घ्य स्थापित करें । यथा—

'मूलं फट्' से सामान्यार्घ्य-पात्र का संशोधन कर, उसे वृत्तयुक्त त्रिकोण पर स्थापित करें । फिर 'मूलं वं' द्वारा उसे शुद्ध जल से भरकर,

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

"ॐ गंगे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वती।
नर्मदे सिन्धु कावेरी जलेऽस्मिन् सन्निधि कुरु॥"

इस मन्त्र द्वारा पूर्ववत् सूर्यमण्डल से 'अंकुश मुद्रा' द्वारा उस जल में तीर्थों का आवाहन करें। फिर "ॐ" से उस जल में पुष्प, अक्षत एवं चन्दन छोड़कर 'धेनुमुद्रा' द्वारा उसका अमृतीकरण कर, उसके ऊपर 'ॐ' का दस बार जप करें। फिर उस जल द्वारा 'फट्' से पूजा गृह के द्वार का अभिसिंचत कर, द्वार-पूजा आरम्भ करें।

द्वार-पूजा

द्वार के ऊर्ध्वभाग के मध्य में—
"ॐ गं गणपतये नमः।"
द्वार के दाँई ओर—
"श्रीं लक्ष्म्यै नमः।"
द्वार के बाँई ओर—
"ऐं सरस्वत्यै नमः।"
से पूजा करके, द्वार की दाँई शाखा में—
"गं गणपतये नमः।"
बाँई शाखा में
"क्षं क्षेत्रपालाय नमः।"
क्षेत्रपाल के एक बगल में—
"ॐ धात्रे नमः।"
क्षेत्रपाल के दूसरी बगल में—
"ॐ विधात्रे नमः।"
उक्त मन्त्रों से पूजा कर, द्वार की देहली में—
"ॐ शंख निधये नमः।
ॐ पद्मनिधये नमः।"
इन मन्त्रों से पूजन करें।

पूजा-गृहादि-शोधन

उक्त विधि से द्वार-पूजाकर, बाँयें अङ्ग का संकोचन करते हुए तथा बाँयें पाँव को आगे बढ़ाकर पूजा-मण्डप में प्रवेश करें। वहाँ 'अस्त्राय फट्' का उच्चारण कर क्षेत्रपालों को मानसिक प्रणाम करके (१) ब्रह्मा, (२) अनन्त, (३) आधार

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पुष्प को ले, उसे मसलते हुए अपने दोनों हाथों का संशोधन करके, उस पुष्प को 'नाराच मुद्रा' द्वारा ईशान दिशा में फेंक दें। फिर, ऊपर की ओर तीन बार ताली बजाकर 'घोटिका मुद्रा' द्वारा अपने सिर से चारों ओर दस बार चुटकी बजाते हुए 'दिग्बन्धन' करें। फिर 'रं' बीज का उच्चारण कर, अपने चारों ओर जल की धारा गिरा कर, अग्नि-प्राकार की कल्पना करें।

इसके पश्चात् 'भूत-शुद्धि' करनी चाहिए।

भूत-शुद्धि

अपनी गोद में अपने दोनों हाथों को ऊर्ध्वमुख रखकर, अपने हृदय-स्थित प्रदीप कलिकाकार 'हंस' स्वरूप अपने जीवात्मा को मूलाधार स्थित कुण्डलिनी के साथ सुषुम्ना-मार्ग से मूलाधार-स्वाधिष्ठान-मणिपूरक-अनाहत-विशुद्ध-आज्ञा इन षट्चक्रों का भेदन करते हुए शिर में स्थित अधोमुख सहस्रदल-कमल की कर्णिका में विद्यमान परमात्मा से संयुक्त कर यह भावना करें कि वहीं पर पृथ्वी, अप्, तेज, वायु, आकाश, रूप, रस, गन्ध, स्पर्श, शब्द, नासिका, जिह्वा, चक्षु, त्वक्, श्रोत्र; वाक्, पाणि, पाद, पायु, उपस्थ, प्रकृति, मन, बुद्धि और अहङ्कार—ये चौबीसों तत्त्व लीन हो गये हैं।

फिर अपने बाँये नासापुट में धूम्रवर्ण वायु-बीज 'यं' की कल्पना कर, उसका १६ बार जप करते हुए, वायु से स्वदेह को पूर्ण कर, दोनों नासापुटों को बन्द कर, 'यं' का चौंसठ बार जप करते हुए, 'कुम्भक' करके, अपनी बाँई कोख में निम्नानुसार 'पाप-पुरुष' का ध्यान करें—

"वाम कुक्षिस्थितं पाप पुरुषं कृष्णवर्णकम्।
ब्रह्महत्याशिरः स्कन्धं स्वर्णस्तेय भुजद्वयम्॥
सुरापान हृदायुक्तं गुरुतल्प कटिद्वयम्।
तत्संसर्ग पदद्वन्द्व मङ्ग प्रत्यङ्ग पातकम्॥
उपपात करोमाणं रक्तश्मश्रु विलोचनम्।
खड्गचर्मधरं क्रुद्धं पापरूप भयङ्करम्॥"

उक्त प्रकार से पाप-पुरुष सहित अपनी देह का शोषण कर, बत्तीस बार 'यं' का जप करते हुए दाँये नासा-पुट से वायु को निकाल दें। फिर दाँये नासा-पुट में रक्तवर्ण वाले वंहिन-बीज 'रं' का चिन्तनकर, उसका १६ बार जप करते हुए 'कुम्भक' करें तथा बाँई कोख में स्थित पाप-पुरुष सहित अपनी देह को दग्ध कर, पाप-पुरुष और स्वदेह की भस्म सहित वायु को बाहर निकाल दें।

इसके उपरान्त शुक्लवर्ण के चन्द्रबीज 'वं' का बाँये नासा-पुट में ध्यान कर, उसे १६ बार जपते हुए पूरक-क्रिया द्वारा ललाट में चन्द्रमा को ले जाकर

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कुम्भक-क्रिया में वरुण-बीज 'वं' का ६४ बार जप करते हुए ललाट के चन्द्रमा से गिरते हुए मातृकावर्णात्मक अमृत से अपनी सम्पूर्ण देह की रचनाकर, पृथ्वी-बीज 'लं' का ३२ बार जप करके, अपनी उक्त देह को दृढ़ समझते हुए दाँये नासा-पुट से वायु का रेचन करें।

प्राण-प्रतिष्ठा

पूर्वोक्त विधि से देह का संशोधन करके अपने हृदयपर हाथ रखकर निम्नलिखित मन्त्र से प्राण-प्रतिष्ठा करें—

"ॐ आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हौं सोऽहं मम प्राणा इह प्राणा।"

"ॐ आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हौं सोऽहं मम जीव इह स्थितः।"

"ॐ आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हौं सोऽहं मम सर्वेन्द्रियाणि।"

"ॐ आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हौं सोऽहं मम वाङ्मनस्त्वक्-चक्षुः श्रोत्र घ्राणप्राणा इहागत्य सुखं चिरं तिष्ठन्तु स्वाहा।"

उक्त विधि से प्राण-प्रतिष्ठा करने के बाद 'सोऽहं' मन्त्र से सुषुम्णा-मार्ग द्वारा अपने जीव को, तत्वों को और कुण्डलिनी को अपने-अपने स्थानों में पहुँचा कर स्थापित करें।

बहिर्मातृका न्यास

इसके बाद 'बहिर्मातृका न्यास' करें। उसमें सर्वप्रथम निम्नलिखित 'विनियोग' पढ़े—

"अस्य श्री बहिर्मातृकामन्त्रस्य ब्रह्मा ऋषिः, गायत्रीछन्दः, श्री मातृका सरस्वती देवता, हश्रो बीजानि, स्वराः शक्तयोऽव्यक्तं कीलकं, देह शुद्धि सिध्यर्थे विनियोगः।"

इसके अनन्तर निम्नानुसार 'न्यास' करें—

ऋष्यादि न्यासः

ॐ ब्रह्मणे नमः शिरसि।

ॐ गायत्री छन्दसे नमः मुखे।

ॐ मातृका सरस्वती देवतायै नमः हृदि।

ॐ हलभ्यो नमः गुह्ये।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ॐ स्वरेभ्यो नमः पादयोः ।
ॐ अव्यक्त कीलकाय नमः सर्वाङ्गे ।

करन्यासः

ॐ अं कं खं गं घं ङं आं अंगुष्ठाभ्यां नमः ।
ॐ इं चं छं जं झं ञं ईं तर्जनीभ्यां स्वाहा ।
ॐ उं टं ठं डं ढं णं ऊं मध्यमाभ्यां वषट् ।
ॐ एं तं थं दं धं नं ऐं अनामिकाभ्यां हुं ।
ॐ ओं पं फं बं भं मं औं कनिष्ठिकाभ्यां वौषट् ।
ॐ अं यं रं लं वं शं षं सं हं ळं क्षं अः करतलकरपृष्ठाभ्यां फट् ।

इसी प्रकार हृदयादिन्यास करके, पहले 'अन्तर्मातृका न्यास' करें । यथा—

अन्तर्मातृका न्यासः

कंठे धूम्रवर्णे षोडशदले विशुद्धे

ॐ अं नमः ।
ॐ आं नमः ।
ॐ इं नमः ।
ॐ ईं नमः ।
ॐ उं नमः ।
ॐ ऊं नमः
ॐ ऋं नमः ।
ॐ ॠं नमः ।
ॐ लृं नमः ।
ॐ ॡं नमः ।
ॐ एं नमः ।
ॐ ऐं नमः ।
ॐ ओं नमः ।
ॐ औं नमः ।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ॐ अं नमः ।

ॐ अः नमः ।

हृदये रक्तवर्णे द्वादशदले अनाहते

ॐ कं नमः ।

ॐ खं नमः ।

ॐ गं नमः ।

ॐ घं नमः ।

ॐ ङं नमः ।

ॐ चं नमः ।

ॐ छं नमः ।

ॐ जं नमः ।

ॐ झं नमः ।

ॐ ञं नमः ।

ॐ टं नमः ।

ॐ ठं नमः ।

नाभौ मेघवर्णे दशदले मणिशे

ॐ डं नमः ।

ॐ ढं नमः ।

ॐ णं नमः ।

ॐ तं नमः ।

ॐ थं नमः ।

ॐ दं नमः ।

ॐ धं नमः ।

ॐ नं नमः ।

ॐ पं नमः ।

ॐ फं नमः ।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

लिङ्गमूले विद्युद्वर्णे षड्दले स्वाधिष्ठाने

ॐ बं नमः ।

ॐ भं नमः ।

ॐ मं नमः ।

ॐ यं नमः ।

ॐ रं नमः ।

ॐ लं नमः ।

सुवर्णवर्णे चतुर्दले मूलाधारे

ॐ वं नमः ।

ॐ शं नमः ।

ॐ षं नमः ।

ॐ सं नमः ।

भ्रूमध्ये श्वेतवर्णे द्विदले आज्ञा चक्रे

ॐ हँ नमः ।

ॐ क्षं नमः ।

इसके पश्चात् बाहरी अङ्गों में मातृका वर्णों का न्यास करें। सर्वप्रथम बाह्यमातृका सरस्वती का निम्नानुसार ध्यान करें—

"पञ्चाशल्लिपिभिर्विभक्तिमुखदोः पन्मध्यवक्षस्थलां,
भास्वन्मौलिनिबद्धचन्द्रशकलामापीनतुङ्गस्तनीम् ॥
मुद्रामक्षगुणं सुधाढ्यकलशं विद्यां च हस्ताम्बुजै-
र्बिभ्राणां विशदप्रभांत्रिनयनां वाग्देवतामाश्रये ॥"

उक्त प्रकार से ध्यान करने के उपरान्त निम्नानुसार न्यास करें—

ॐ अं नमः शिरसि ।

ॐ आं नमः मुखवृत्ते ।

ॐ इं नमः दक्षनेत्रे ।

ॐ ईं नमः वामनेत्रे ।

ॐ उं नमः दक्षकर्णे ।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ॐ ऊं नमः वामकर्णे ।

ॐ ऋं नमः दक्षनासायाम् ।

ॐ ॠं नमः वामनासायाम् ।

ॐ लृं नमः दक्ष गण्डे ।

ॐ ॡं नमः वाम गण्डे ।

ॐ एं नमः ऊर्ध्व ओष्ठे ।

ॐ ऐं नमः अधो ओष्ठे ।

ॐ ओं नमः ऊर्ध्व दन्तपंक्तौ ।

ॐ औं नमः अधो दन्तपंक्तौ ।

ॐ अं नमः ब्रह्मरन्ध्रे ।

ॐ अः नमः मुखे ।

ॐ कं नमः दक्ष बाहुमूले ।

ॐ खं नमः दक्ष कूर्परे ।

ॐ गं नमः दक्षमणिबन्धे ।

ॐ घं नमः दक्ष अंगुलिमूले ।

ॐ ङं नमः दक्ष कराग्रे ।

ॐ चं नमः वाम बाहुमूले ।

ॐ छं नमः वाम कूर्परे ।

ॐ जं नमः वाम मणिबन्धे ।

ॐ झं नमः वाम अंगुलिमूले ।

ॐ ञं नमः वाम कराग्रे ।

ॐ टं नमः दक्षोरुमूले ।

ॐ ठं नमः दक्ष जानुनि ।

ॐ डं नमः गुल्फे ।

ॐ ढं नमः दक्षपादतले ।

ॐ णं नमः दक्ष पादाग्रे ।

जप
ती

अ
कं

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ॐ तं नमः वामोरुमूले ।

ॐ थं नमः वाम जानुनि ।

ॐ दं नमः वाम गुल्फे ।

ॐ धं नमः वाम पादतले ।

ॐ नं नमः वाम पादाग्रे ।

ॐ पं नमः दक्ष पार्श्वे ।

ॐ फं नमः वाम पार्श्वे ।

ॐ बं नमः पृष्ठे ।

ॐ भं नमः नाभौ ।

ॐ मं नमः जण्रे ।

ॐ यं त्वगात्मने नमः हृदि ।

ॐ रं नमः दक्षांशे ।

ॐ लं नमः ककुदि ।

ॐ वं नमः वामांशे ।

ॐ शं नमः हृदादि दक्ष करांगुल्यन्तम् ।

ॐ षं नमः हृदादि वाम करांगुल्यन्तम् ।

ॐ सं नमः नाभ्यादि वाम पादान्तम् ।

ॐ ळं नम हृदादि कुक्षौ ।

ॐ क्षं नमः हृदादि मुखे ।

इसके पश्चात् मूल-मन्त्र का एक बार जप करते हुए 'पूरक', चार बार जप करते हुए 'कुम्भक' तथा दो बार जप करते हुए 'रेचक' करे। इसी प्रकार तीन बार उलट-पुलट कर तीन बार प्राणायाम करें—

फिर—

'श्रीं ह्रीं हूं'—इस मन्त्र से तीन बार आचमन कर, 'ऐं' से ओष्ठ तथा अधर का स्पर्श करें। 'ह्रीं ह्रीं' से भी दो बार स्पर्श करें तथा 'हूं' से दोनों हाथों को धोकर निम्नानुसार 'बीजन्यास' करें—

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

बीज न्यास :

श्रीं मुखे ।

ह्रीं दक्षनासापुटे ।

हूं वामनासापुटे ।

ऐं दक्षनेत्रे ।

क्लीं वाम नेत्रे ।

श्रीं ह्रीं क्लीं दक्षकर्णे ।

ऐं वामकर्णे ।

इं नाभौ ।

क्रों हृदये ।

क्रौं शिरसि ।

उक्त विधि से न्यास करने के पश्चात् पूजा आरम्भ करें ।

इष्ट-पूजा

अपने बाँई ओर जलपात्र, दाँई ओर पुष्पादि, पूजा-सामग्री तथा सम्मुख दीपकादि स्थापित करें ।

फिर अपनी बाँई ओर—

"गुं गुरुभ्यो नमः ।"

से गुरुओं को, दाँई ओर—

"गं गणपतये नमः ।"

से गणेश को तथा सम्मुख—

"श्री छिन्नमस्तायै नमः ।"

से इष्ट देवता को नमस्कार करें ।

विनियोग :

"ॐ अस्य श्री छिन्नमस्ता मन्त्रस्य क्रोध भैरव ऋषिः, सम्राट् छन्दः, श्री छिन्नमस्तादेवता, हूं हूं बीजं[+] स्वाहा शक्तिः, इष्टसिद्धये विनियोगः ।"

+ 'मन्त्र महोदधि' में 'ह्रीं ह्रीं' बीज का उल्लेख है ।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इसके बाद निम्नलिखित न्यास करें—

ऋष्यादि न्यास :

शिरसि क्रोध भैरवाय ऋषये नमः ।

मुखे सम्राट् छन्दसे नमः ।

हृदि श्री छिन्नमस्तायै देवतायै नमः ।

गुह्ये हूं हूं बीजाय नमः ।

पादयोः स्वाहा शक्तये नमः ।

इष्टसिद्धिविनियोगाय नमः सर्वाङ्गे ।

कर न्यास :

ॐ आं खड्गाय स्वाहा कनिष्ठिकाभ्यां ।

ॐ ईं सुखड्गाय स्वाहा अनामिकाभ्यां ।

ॐ ऊं वज्राय स्वाहा मध्यमाभ्यां ।

ॐ ऐं पाशाय स्वाहा तर्जनीभ्यां ।

ॐ औं अंकुशाय स्वाहा अङ्गुष्ठाभ्यां ।

ॐ अः सुरक्षा रक्ष असुरक्षाय स्वाहा करतलकर पृष्ठाभ्यां नमः ।

[टिप्पणी—'मन्त्र महोदधि' में इस न्यास का प्रारम्भ अंगुष्ठ से किया गया है ।]

षडङ्गन्यास :

ॐ आं खड्गाय हृदयाय नमः स्वाहा ।

ॐ ईं सुखड्गाय शिरसे स्वाहा स्वाहा ।

ॐ ऊं वज्राय शिखायै वषट् स्वाहा ।

ॐ ऐं पाशाय कवचाय हुं स्वाहा ।

ॐ औं अंकुशाय नेत्रत्रयाय वौषट् स्वाहा ।

ॐ अः सुरक्षा रक्ष असुरक्षाय अस्त्राय फट् स्वाहा ।

[टिप्पणी—'मन्त्र महोदधि' में "सुरक्षरक्ष ह्रीं ह्रीं अस्त्राय फट्" लिखा है ।]

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

षोढान्यास :

(१) श्रीं ऐं क्लीं सौं श्रीं ह्रीं क्लीं ऐं हौं ।

(२) ओं क्रीं स्त्रीं क्रों ।

(३) ईं हुं फट् ।

(४) श्रीं क्लीं हूं ऐं वज्रवैरोचनीये हुं हुं फट् स्वाहा ।

(५) श्री ह्रीं हूं ऐं वज्रवैरोचनीये श्री ह्रीं ऐं फट् स्वाहा ।

(६) श्रीं ऐं क्लीं सौं श्रीं ह्रीं क्लीं ऐं हौं ओं श्रीं क्लीं हुं ऐं वज्रवैरोचनीये हुं हुं फट् स्वाहा ।

उपर्युक्त ६ मन्त्रों से प्रत्येक को मातृका से अन्तरित कर, मातृकावत् सभी मातृका-स्थानों में न्यास करें। यथा—

"श्रीं ऐं क्लीं सौं श्रीं ह्रीं क्लीं ऐं हौं ॐ अं नमः शिरसि ।"

इसी भाँति छहों मन्त्रों से न्यास करना चाहिए ।

व्यापक न्यास

मूलमन्त्र द्वारा मस्तक से पाँव तक तथा पाँव से मस्तक तक न्यास करके, पुनः प्रणव द्वारा तीन बार व्यापक न्यास करना चाहिए ।

फिर अन्तर्यजन करें। यथा—सर्वप्रथम इष्टदेवता का निम्नानुसार ध्यान करें—

"अन्तरस्वशरीरस्य नाभिनीरज संस्थिताम् ।
निर्लिप्तां त्रिगुणां सौम्यां बालचन्द्रसमप्रभाम् ।।
समाधिमात्रगम्यां च गुणत्रय समन्विताम् ।
कलातीतां गुणातीतां भुक्तिमुक्तिप्रदां स्मरेत् ।।"

उक्त विधि से ध्यान करने के उपरान्त निम्नानुसार मानसोपचार-पूजा करें—

मानसोपचार-पूजा

मुद्रा-प्रदर्शन

"लं पृथिव्यात्मकं गन्धं श्रीछिन्नमस्ता पादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि ।"

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उक्त मन्त्र पढ़कर, अधोमुख कनिष्ठाङ्गुष्ठ से 'गन्ध-मुद्रा' प्रदर्शित करें।

"हं आकाशात्मकं पुष्पं श्रीछिन्नमस्तापादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि।"

उक्त मन्त्र पढ़कर, अधोमुख तर्जनी अङ्गुष्ट से 'पुष्प-मुद्रा' प्रदर्शित करें।

"यं वाय्वात्मकं धूपं श्रीछिन्नमस्तापादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि।"

उक्त मन्त्र पढ़कर ऊर्ध्वमुखतर्जन्यङ्गुष्ठ से 'धूप-मुद्रा' प्रदर्शित करें।

"रं वह्न्यात्मकं दीपं श्रीछिन्नमस्तापादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि।"

उक्त मन्त्र पढ़कर ऊर्ध्वमुखमध्यमाङ्गुष्ठ से 'दीप-मुद्रा' प्रदर्शित करें।

"वं अमृतात्मकं नैवेद्यं श्रीछिन्नमस्तापादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि।"

उक्त मन्त्र पढ़कर अनामिकाङ्गुष्ठ से 'नैवेद्य-मुद्रा' प्रदर्शित करें।

"शं शक्त्यात्मकं ताम्बूलं श्रीछिन्नमस्तापादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि।"

उक्त मन्त्र पढ़कर सर्वाङ्गुलियों से 'ताम्बूल-मुद्रा' प्रदर्शित करें।

सामान्य-अर्घ्य स्थापन

इसके बाद निम्नलिखित विधि से 'सामान्य अर्घ्य' की स्थापना करें—

साधक अपने आसन से कुछ हटकर, अपनी दाँई ओर की भूमि पर रक्त चन्दन द्वारा त्रिकोणवृत्त का एक मण्डल निर्माण करें, फिर उसमें—

"ॐ ह्रीं आधारशक्त्यै नमः।"

मन्त्र का उच्चारण करते हुए गन्ध, अक्षत तथा पुष्प चढ़ाकर आधारशक्ति का पूजन करें।

फिर वह आधार लेकर तथा 'फट्' मन्त्र से धोकर मण्डल स्थापित करें तथा उसकी—

"ॐ सामान्यार्घ्यपात्रधाराय नमः।"

इस मन्त्र द्वारा गन्ध, अक्षत, पुष्प से पूजन करें। फिर एक पात्र लेकर उसे 'फट्' मन्त्र से धोयें तथा उसे आधार पर स्थापित करें। तत्पश्चात् गन्ध, अक्षत पुष्प छोड़कर—

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

"ॐ सामान्यार्घ्यपात्राय नमः ।"

इस मन्त्र से उसका पूजन करें। फिर उसमें 'ह्रीं' मन्त्र पढ़ते हुए जल भरें। तदुपरान्त 'अंकुश-मुद्रा' द्वारा उस जलमें. निम्नलिखित मन्त्र को पढ़ते हुए, सूर्यमण्डल से तीर्थों का आवाहन करें—

"ॐ गङ्गे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वती ।
नर्मदे सिन्धु कावेरी जलेस्मिन् सन्निधिं कुरु ।।"

तदुपरान्त—

"ॐ गन्धाक्षत पुष्पं समर्पयामि ।"

यह कहते हुए उसमें गन्ध, अक्षत तथा पुष्प छोड़ें। फिर 'धेनु मुद्रा' प्रदर्शित कर उस जल को अमृतमय करें, तत्पश्चात् उस पर दस बार 'ॐ' का जप करें। इसके बाद निम्नानुसार शङ्ख-स्थापन करें—

शङ्ख-स्थापन

अपनी बाँई ओर सामान्यार्घ्य-जल द्वारा चतुरस्र और उसके मध्य में त्रिकोण बनाकर, उस पर त्रिपद को रखें। फ़िर 'फट्' से शङ्ख को धोकर, उसे त्रिपद पर स्थापित करें।

[टिप्पणी—यहाँ 'शङ्ख' से तात्पर्य मानव-खोपड़ी समझना चाहिए ।]

फिर—

"ॐ यदंश कलात्मने वह्निमण्डलाय नमः ।"

इस मन्त्र से शङ्ख की पूजा करें। 'नमः' ऐ उसमें गन्ध, पुष्प, अक्षत, दूर्वा छोड़कर—

"क्षं ळं हं सं षं शं वं लं रं यं मं भं बं फं पं नं धं दं थं तं णं ढं डं ठं टं ञं झं जं छं चं ङं घं गं खं कं अः अं औं ओं ऐं एं ॡं ऌं ॠं ऋं ऊं उं ईं इं आं अं मूलं ।"

का उच्चारण करते हुए उसे शुद्ध जल से भरदें। फिर—

"ॐ सोममण्डलाय षोडश कलात्मने नमः"

से उस जल में पूजन कर, उसमें—

"ॐ गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती ।
नर्मदे सिन्धु कावेरी जलेस्मिन् सन्निधिं कुरु ।"

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इस मन्त्र द्वारा सूर्यमण्डल से तीर्थों का आवाहन करें। फिर—

"श्रीछिन्नमस्ते इहावह इह तिष्ठ।"

कहते हुए इष्ट देवता का उस पात्र में आवाहन कर 'हुँ' द्वारा उसका अवगुष्ठन कर उसे "गालिनी-मुद्रा" दिखायें। फिर 'वौषट्' से उस जल का वीक्षणकर, षडङ्ग मन्त्रों से सकलीकरण कर, 'नमः' से गन्ध-पुष्प द्वारा देवता का पूजन करें तथा 'मत्स्य-मुद्रा' से उसे आच्छादित कर, दस बार मूलमन्त्र का जप करें। फिर 'वं' से धेनुमुद्रा दिखाकर, अस्त्र से उसका संरक्षण करें, तत्पश्चात् उस जल से अपना तथा पूजा-सामग्री का मूल-मन्त्र के उच्चारण सहित तीन बार अभिसिंचन करें।

[टिप्पणी—वीराचारी साधक शङ्ख-स्थापन के पश्चात् कलश-स्थापन तथा द्वितीयादि का शोधन कर श्रीपात्रादि की स्थापना करते हैं। तत्पश्चात् विन्दु-स्वीकार पर्यन्त कर्म करके यन्त्रराज की रचना करते हैं।]

यन्त्र स्थापन

यन्त्रराज की स्थापना हेतु एक सुन्दर चौकी अपने सामने रखकर, उस पर रखी गई एक सुन्दर तश्तरी में श्रीभगवती छिन्नमस्ता के आवाहन-पूजन हेतु अष्टगन्ध अथवा लालचन्दन द्वारा निम्नानुसार यन्त्र की रचना करनी चाहिए—

"सर्वप्रथम एक अधोमुख 'त्रिकोण' बनायें फिर उसके मध्य में तीन 'वृत्त' बनायें। फिर सबसे भीतर के वृत्त में तीन द्वारों वाले एक अधोमुख त्रिकोण का निर्माण करें। तत्पश्चात् प्रथम त्रिकोण के बाहर एक षट्कोण तथा उसके बाहर एक अष्टदल की रचना करें। अष्टदल के बाहर तीन रेखा वाले चार द्वारों से युक्त भूपुर का निर्माण करें। अन्त में, सबके भीतरी त्रिकोण के मध्य में 'हूं' तथा प्रथम त्रिकोण के तीनों कोणों में "हूं फट्' लिखें।" इस यन्त्र का स्वरूप अगले पृष्ठ पर प्रदर्शित है।

पूर्वोक्त प्रकार से यन्त्र निर्मित कर, उस यन्त्र-लिखित तश्तरी को सामने की चौकीपर रखकर पीठों का पूजन सबसे भीतरी त्रिकोण के मध्यमें करें। यथा—

ॐ आधार शक्तये नमः।

ॐ कूर्माय नमः।

ॐ अनन्ताय नमः।

ॐ पृथिव्यै नमः।

ॐ क्षीर समुद्राय नमः।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

छिन्नमस्तापूजन - यन्त्र



चित्र संख्या ६

ॐ रत्नदीपाय नमः ।

ॐ कल्पवृक्षाय नमः ।

ॐ चित्तामणि गृहाय नमः ।

ॐ रत्नवेदिकायै नमः ।

रत्न वेदिका की आठों दिशाओं में—

ॐ धर्माय नमः—पूर्वे ।

ॐ ज्ञानाय नमः—दक्षिणे ।

ॐ वैराग्याय नमः—पश्चिमे ।

ॐ ऐश्वर्याय नमः—उत्तरे ।

.CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आचार्य श्रीअभिनवगुप्तपादका संक्षिप्त परिचय

[लेखक—डा० श्रीनाथ तिक्कू शास्त्री, ए० एम० एस०, बी० एच० यू०]

[गताङ्कसे आगे]

बाल्यकाल

अभिनवगुप्तकी माता बचपनमें ही मरगई थी। उसका पालन पोषण उसके पिताने किया। पहले पहल यह पढ़नेमें अधिक मन नहीं लगाता था और इधर-उधर भटकता फिरता था। परन्तु अनन्तर पिताके अथकपरिश्रमसे विद्याध्ययनकी ओर इसकी प्रवृत्ति होने लगी। यह जिस विद्यालयमें पढ़ता था वहांके लड़कोंको खेलकूद और शास्त्रार्थ कराके कुण्ठित किया करता था। इसी लिये इसको अपने सहपाठी लोग 'बालवलभीभुजङ्गः' के नामसे पुकारते थे। कुछ विद्वानोंका मत है कि 'अभिनवगुप्त' का जन्मनाम कुछ और ही है, यह उसका नाम पीछेसे पड़ा। वह कहते हैं कि इसका पूरा नाम वास्तवमें 'अभिनवगुप्तपाद' है जिसका अर्थ 'नया सांप' है। यह नाम इसे गुरुकुलमें ही मिला था, इसीलिये इसने 'बालवलभीभुजङ्गः' इत्यादि पद्योंसे इसका सङ्केत किया है। परन्तु हमारा अनुमान यह है कि इसका वास्तविक नाम 'अभिनव' था और गुप्त इसकी जातीय उपाधि तथा 'पाद' तो आदर और पूजनीयताका सूचित करनेके लिए उनकी शिष्य व भक्तमण्डलीने जोड़ दिया था। इसका प्रमाण यह है कि आचार्यने 'अभिनवगुप्तस्तवमिममकरोत्' इत्यादि कई स्थानों पर अपनेको 'अभिनवगुप्त' नामसे प्रकट किया है। तथा कहीं कहीं पर जहां कि वह शैवानन्द या विद्वत्ताके आवेशमें आते हैं वहां वह अपनेको 'अभिनवगुप्तपाद' लिखते हैं। वास्तवमें उनका नाम अभिनवगुप्त ही है। इसी लिए वह कई अतिशय पाण्डित्यसूचक स्थानोंमें भी 'पाद' शब्दकी उपेक्षा करके कह उठते हैं कि—

'योग्योभिनवगुप्तोऽस्मि' इत्यादि। इसके अतिरिक्त काश्मीरी जनतामें भी यह 'अभिनवगुप्ताचार्य' के नामसे ही प्रसिद्ध है। 'बालवलभीभुजङ्गः' कहना तो केवल अपने बाल्यकालकी चपलताको सूचित करनेके सिवाय और कोई विशेष अर्थ नहीं रखता।

अभिनवगुप्त' जिस कोटिके विद्वान् हैं उससे स्पष्ट है कि उन्होंने बाल्यकालमें विद्या प्राप्तिके लिए अवश्य ही निरन्तर और अथक परिश्रम किया था। अन्यथा युवावस्थाके प्रारम्भसे ही वह किस प्रकार ग्रन्थ रचना करनेमें समर्थ हो सकते थे और सर्वतोमुख पाण्डित्यकी प्राप्ति भी कैसे कर पाते। उन्होंने अनेक गुरुजनोंके पास काव्य, अलङ्कार, न्याय, व्याकरण और दर्शन पढ़ लिए थे। उनको 'महाकवि क्षेमेन्द्र' के समान प्रत्येक प्रकारके विषयोंकी जिज्ञासा रहती थी और अपनी इस जिज्ञासाकी पूर्ति करनेमें यह सदा ही उद्यत रहते थे। वे सर्वदा कहा करते थे—

तस्य मे सर्वशिष्यस्य नोपदेशदरिद्रता।

गृहस्थकाल

आचार्य अभिनवगुप्त अपने पिताके एक मात्र पुत्र थे। विद्या समाप्तिके अनन्तर इन्होंने अविवाहित रहनेका हठ किया। परन्तु इनके बूढ़े पिताने इस बातको स्वीकार न किया। पिताके आदेशके विरुद्ध कुछ करना अभिनवगुप्त जैसे महापुरुषको उचित प्रतीत नहीं होता था। अतः यह विवाह करने पर विवश होगये। विवाहके कुछ समयके पश्चात् ही इनके पिताका देहान्त हुआ। जिसका आचार्यके मनमें बड़ा दुःख हुआ। यद्यपि यह गृहस्थके जीवनमें रहने लगे तथापि इनका मन विरक्तिके रङ्गमें ही सर्वदा रंगा रहता था। जो संसारका कल्याण करने आते हैं उनके ऊपर अनेक प्रकारके विघ्न टूट पड़ते हैं। परन्तु महापुरुषोंके तेजके सम्मुख वह चिर समय पर्यन्त नहीं टिक सकते हैं। अभिनवगुप्त गृहस्थी जीवनको भी एक विघ्न समझते थे। परन्तु विग्रहके

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कुछ ही वर्षोंके पश्चात् इनकी पत्नीका देहावसान हुआ। "उनका यह विघ्न अधिक देर तक न रहने पाया। इस पर आचार्य प्रसन्न हुए। इसी लिये उन्होंने 'श्रीतन्त्रालोक' में अपनी उस परिस्थितिकी ओर सङ्केत करते हुए कहा है कि—

'सोऽयं बलवानन्तरायोऽपि परमशिवेनाऽपहृतः'।

कुछ लोगोंका कथन है कि अभिनवगुप्त बालब्रह्मचारी थे। परन्तु उनके वर्णनसे इस बातमें तथ्यता प्रतीत नहीं होती। इनका कोई भी पुत्र नहीं था।

जीवनवृत्त

अभिनवगुप्तका जीवन एक महापुरुषका जीवन मानना उचित है। उन्होंने संसारके रंगमंचपर अनेक प्रकारकी वेशभूषासे जो अभिनय किया है वह उनके ग्रन्थ और पाण्डित्यसे स्पष्ट है। वे अधिकतर घूमते ही रहते थे और अपनी शिष्यमण्डलीके साथ दार्शनिक तत्त्वोंका प्रचार करते थे। उनको एकान्त-स्थानमें रहना पसन्द आता था। इसीलिये उन्होंने अपने ग्रामके पास एक कुटिया बनाई थी और वहींपर अपना अधिकसमय ग्रन्थोंके लिखनेमें व्यतीत करते थे। वहांपर शंकरका एक मंदिर था उसके सम्मुख ही अभिनवगुप्तने अपना निवास बनाया था। इस बातका स्वयं उन्होंने उल्लेख किया है—

'तस्मिन् नगाधिपतिमण्डितचण्डधाम्नि
शीतांशुमौलिपरिपावितभूमिभागे ॥" इत्यादि

साम्मुख्यदर्शन विशेषपवित्रितात्मा काश्मीरमें निशात बागके पास एक तीर्थस्थान है जिसको वामनगंगा कहते हैं। इसका दूसरा नाम गुप्तगंगा भी है। इस तीर्थका उल्लेख 'मंखने' भी अपने 'श्रीकृष्णचरित' के दूसरे सर्गमें किया है। कई लोगोंकी धारणा है कि अभिनवगुप्ताचार्य इस स्थानपर रहा करते थे, इसीलिए इसका गुप्तगंगा नाम पड़ा है। परन्तु इसमें कोई ऐतिहासिक प्रमाण नहीं मिलता है। आचार्याभिनव गुप्त 'अवन्तिपुर' नगरमें भी रहा करते थे। यहां उस समय 'कर्ण' नामक मंत्री रहता था। यह अभिनवगुप्त का अनन्य भक्त शिष्य था। आचार्यके तंत्रालोकसे ज्ञात होता है कि अभिनवगुप्तने एकबार एक यज्ञ अवन्तिपुरमें किया और उस यज्ञमें उन्होंने अपनी वामाङ्गिनी कर्णकी पत्नीको बनाया था। इस यज्ञका उल्लेख उन्होंने दूतीयागके नामसे किया है। आचार्य ने अपने जीवनको ठीक उसी प्रकार व्यतीत किया है जिस प्रकार 'शैव' दर्शनके आचार्योंको करना चाहिए।

अभिनवगुप्तके गुरु

आचार्य अभिनवगुप्त अनेक शास्त्रोंका उद्भट विद्वान् था। उसको प्रत्येक विषयकी जिज्ञासा रहती थी। इसी जिज्ञासा तथा विद्याप्राप्तिकी उत्कट इच्छाने उसको अनेक प्रकाण्ड-पण्डितोंका शिष्य बनाया। उन्होंने साहित्यविद्या 'भट्टइन्दुराजसे' पढ़ी थी। दर्शन तथा व्याकरण उन्होंने 'भट्टतौत' नामक विद्वानसे सीखा था। शैवदर्शनका सारा रहस्य उन्होंने आचार्य उत्पलदेवसे जान लिया था। ये सब उनके अध्यापक थे, परन्तु उनके तंत्रविद्याके अनुसार प्रारम्भिक दीक्षागुरु लक्ष्मणगुप्तथे तथा अंतिम आत्मसाक्षात्कार कराकर कृतार्थ करनेवाले उनके दीक्षागुरु 'श्रीशम्भुनाथ' थे। उन्होंने अपने ग्रन्थमें लिखा है—

श्रीशम्भुनाथभास्करचरणनिपातप्रभाऽपगतसङ्कोचम्।
अभिनवगुप्तहृदम्बुजमेतद्विचिनुत महेशपूजनहेतोः ॥

ये जालन्धरपीठ (कांगड़ा) के एक सिद्धपुरुष थे। अभिनवगुप्तकी आध्यात्मिक उन्नतिके कारण यही थे। इन्होंने ही उनके ज्ञानचक्षु खोलकर उस परमशिवके दिव्य आलोकका दर्शन कराया था। अभिनवगुप्त इनको साक्षात् शिवका ही अवतार मानते थे। इसी लिए उन्होंने कई स्थलोंपर 'श्रीशम्भुनाथको' शिवके नामोंसे अभेदसम्बन्धसा प्रकट किया है।

मत

अभिनवगुप्त शैवदर्शनके आचार्य हैं। उनका मत 'शैव' था। उनके पूर्वज भी शैव मतके ही अनुयायी थे। यह उनके ग्रन्थोंसे स्पष्ट ही है। शैव मतके अनुयायी होनेपर भी उनको और मतोंसे द्वेष न था। उन्होंने शैव मतकी उच्चता अत्यन्त सरल तथा सुचारुरूपसे स्थापित की है। अपने 'अनुभवनिवेदन-स्तोत्र'में आचार्यने अपनी प्रक्रियाका सविस्तार उल्लेख

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

किया है। कभी २ तो अभिनवगुप्त शैवावेशमें आकर भैरवरूप भी धारण करते हैं और कह उठते हैं—

क: कोऽत्र भो: यं सहसा निहन्मि
क: कोऽत्र भोयं कवलीकरोमि।
कः कोऽत्र भोयं परबोधधाम
संचर्वणोन्मत्ततनुः पिबामि॥

वे शक्तिके अनन्य उपासक अर्थात् परम शाक्त थे। कहा जाता है कि भगवान् शंकराचार्य जब काश्मीर आये थे तो उस समयतक वह शक्तिको स्वीकार नहीं करते थे। आचार्य अभिनवगुप्तके साथ उनका शास्त्रार्थ हुआ। जिसमें शंकराचार्य हार गये* और उन्हें मानना पड़ा कि शिवसे बढ़कर शक्ति ही सम्पूर्ण ब्रह्माण्डमें एकच्छत्र अधिकार रखती है। उसी समय शंकराचार्यने—

शिव: शक्त्या युक्तो यदि भवति शक्तप्रभवितुं।
न चेदेवं देवो न खलु कुशल: स्पन्दितुमपि॥

इत्यादि पद्योंसे शक्तिकी स्तुति करनी प्रारम्भ की थी। आचार्य अभिनवगुप्त केवल शुष्कवाद करने वाले शैव न थे, परन्तु उन्होंने अनवरत तपश्चर्या और गम्भीर अनुभवके द्वारा अपनेको शैवी स्वरूपमें लीन किया था। उन्होंने तो संसारमें शिव और शिवमें संसार अथवा अपनेमें ही सम्पूर्ण संसार और शिवका दर्शन प्रत्यक्ष किया था। अपनी अद्वैत दशाका वह स्वयं वर्णन करते हुए कहते हैं—

"स्वमहमहमेव त्वं स्वमेवाहं न चास्म्यदम्।
अहं स्वमित्युभौ न स्तो यत्र तस्मै नमो नम:॥"

ग्रन्थ

अभिनवगुप्ताचार्यने जितने ग्रन्थोंकी रचनाकी है उतनी संस्कृत साहित्यमें स्यात् ही किसी अन्य पण्डितने की हो। आचार्यने साहित्य, शैवदर्शन इत्यादि बहुतसे विषयोंमें अपनी रचनाएं लिखी हैं। परन्तु उनकी अधिक रचनाएं शैवदर्शनके भण्डारको ही अक्षय कर गई हैं। यदि अभिनवगुप्त जैसे पण्डितने शैवदर्शनके विषयमें इतने ग्रन्थ न लिखे होते तो यह दर्शन न जाने किस परिस्थितिमें पड़ा हुआ होता। इन ग्रन्थोंमें से अधिकतर मुद्रित हो चुके हैं। तथापि अभी बहुतसे अमुद्रित रूपमें ही पड़े हुए हैं। उनकी कुछ प्रसिद्ध रचनाओं के नाम यहां लिखते हैं—

प्रत्यभिज्ञाविमर्शिनीवृत्ति:। अभिनवभारती। ध्वन्यालोकविवृत्ति:। तन्त्रालोक (४० भाग)। परात्रिंशिका। अनुभवनिवेदन स्तोत्रम्। भैरवस्तोत्रम्। परमार्थसार:। स्पन्दकारिकाविवृत्ति:। भगवद्गीता टीका। इत्यादि।

इन सबमें श्रीतन्त्रालोक बहुत ही बड़ा ग्रन्थ है। इसके लगभग ४० भाग हैं। जोकि 'काश्मीर-रिसर्च-विभाग' ने छपवाये हैं। अभिनवगुप्ताचार्यने भरत-नाट्यशास्त्र पर 'अभिनवभारती' नामक विवृत्ति लिखी है। इसमें अभिनय एवं नाट्यकलाके सिद्धान्तों का जिस रूपसे प्रतिपादन किया है वह संस्कृत साहित्यमें एक उच्च स्थान रखते हैं। इसकी प्रशंसा यूरोप के बड़े बड़े नाट्याचार्य भी मुक्तकण्ठसे करते हैं। साहित्यशास्त्रमें भी अभिनवगुप्ताचार्यने अनेक ग्रन्थ लिखे होंगे, क्योंकि अलंकार शास्त्रके उद्भट विद्वान् मम्मट तथा जगन्नाथ पण्डित इत्यादिने तो इनके मतोंका अत्यन्त आदरकी दृष्टिसे उल्लेख किया है।

विद्वत्ता

आचार्य अभिनवगुप्तकी विद्वत्ताके विषयमें तर्क वितर्क करना मानो सूर्यको दीपक दिखाना है। वह सर्वतोमुख पण्डित हैं। उनकी भाषा ओजस्विनी और मधुर है। उनकी पद्यरचना भी मधुरता, गम्भीरता तथा सुगमता से वञ्चित नहीं। उनकी सिद्धान्त प्रतिपादनकला अत्यन्त निराली है। संसारको अनित्य और मिथ्याभासके रूपमें मानने वाले शुष्क वेदान्तियोंको वे किस प्रकार अवाक् करते हैं यह निम्नाङ्कित पद्यसे प्रतीत होगा—

संसारोऽस्ति न तत्वतस्तनुभृतां बन्धस्य वार्तैव का
बन्धो नास्ति वृथैव भेदविहिता मुक्तस्य मुक्तिक्रिया।

* यह काश्मीरकी किम्वदन्ती अप्रामाणिक तथा असत्य है। कारण शङ्कराचार्य अभिनवगुप्तसे सैकड़ों वर्ष पहले हो चुके थे। —सम्पादक

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मिथ्यामोहकृदेष रज्जुभुजगच्छायापिशाचभ्रमो
मा किंचित् त्यज वा गृहाण विरम स्वस्थो यथाऽवस्थितः॥'

आजकल 'वेदान्ती' और 'शैव' लोक अपनेको एक दूसरेके बिल्कुल ही भिन्न २ मार्गों पर चलनेवाले मानते हैं। (काश्मीरमें) वास्तवमें वेदान्त और शैवमत दूध और जलकी भांति रङ्ग भिन्न होते हुए भी समन्वय या मेल करने पर एक रूप ही प्रतीत होंगे। वेदान्ती लोग 'एकोऽहं बहुस्याम्' इत्यादि उक्तियोंको खींचातानी करके जिज्ञासु या मुमुक्षुको ऐसे मार्ग पर ले जाते हैं जहां कि वह असमंजसमें पड़कर किंकर्तव्यविमूढ़ हो जाता है। परन्तु आचार्य अभिनवगुप्त इस 'अद्वैत' उपनिषद् वाक्यका रहस्य कितनी मीठी और सरल पद्धतिसे समझाते हैं? थोड़ा सुनिये—

निराशंसात् पूर्णादहमिति पुरा भासयति यत्
द्विशाखामाशास्ते तदनु च विभङ्क्तुं निजकलाम्।
स्वरूपादुन्मेषप्रसरणनिमेपस्थितिजुष—
स्तदद्वैतं वन्दे परमशिवशक्त्यात्मनिखिलम्॥"

आचार्यने इसी मूल रहस्यको लेकर प्रत्यभिज्ञा की 'विमर्शिनी' की रचना कर डाली है। हठयोगोंके फेरमें पड़े हुए साधकोंको वह कहते हैं कि—

"प्राणस्य स्वरसेन यत्प्रवहनं योगः स एवाद्भुतः।"

परन्तु जो योगमार्गके चिरन्तन उपासक हैं, किन्तु आत्मज्ञानकी विभूतिसे वञ्चित हैं उन्हें इससे कैसे सन्तोष हो सकता है। अतः वे इस बातका अनुभव करते हुए साथ ही कहते हैं कि—

"योगः स प्रथते च यत्र गलिता कृत्स्ना क्रिया कायिकी।"

शैवशास्त्रके अभ्यासी पण्डितोंको आचार्य अभिनवगुप्तके प्रकाण्ड-पाण्डित्यका भली प्रकार परिचय है। यहां पर तो यह दिग्दर्शन मात्र है। वस्तुतः उनके ग्रन्थोंको पढ़नेसे ही उनकी अनुपम एवं असाधारण विद्वत्ताका ज्ञान हो सकता है।

शिष्य

आचार्य अभिनवगुप्त लोक कल्याणके लिए उत्पन्न हुए थे अतः उनका क्षेत्र सीमित न था। जहां उन्होंने अनेक ग्रन्थोंकी रचना करके मानव जाति को अमर विभूति प्रदान की है, वहां उन्होंने अनेक मनुष्योंको विद्याकी शिक्षा और मन्त्रोंकी दीक्षा दी। उनके ग्रन्थोंसे पता चलता है कि वह अपने समयमें प्रत्येक गृहस्थीके गुरु माने जाते थे। वह स्त्रियोंको भी उपदेश देते थे। महामन्त्री कर्णकी धर्मपत्नी उनकी प्रधान शिष्या थी। उनके शिष्योंमें 'क्षेमराज' अधिक प्रसिद्ध था, उसने आचार्यके अनेक ग्रन्थों पर टीकाएं लिखी हैं।

जिस प्रकार योगिराज गोरखनाथ अपनी शिष्य-मण्डलीको साथ लेकर घूमा करते थे, और स्थान २ पर दलित तथा दुखी लोगोंका कल्याण करते थे, ठीक उसी प्रकार आचार्य अभिनवगुप्त अपनी असंख्य शिष्य-मण्डलीको साथ लेकर काश्मीरके स्थानोंमें भ्रमण किया करते थे और दुखियोंका कल्याण, जिज्ञासुओंका संशयच्छेदन, तथा साधकोंको मार्ग-दर्शन कराते रहते थे।

अन्तिम समय

कहा जाता है कि आचार्य अभिनवगुप्तने शरीर त्याग नहीं किया था। परन्तु जब उनको आभास हुआ कि उनका कार्य अब समाप्त हुआ और जिस कार्यके लिए उन्होंने देह धारण किया था उसमें अब लेश मात्र भी अपूर्णता न रही तब वह अपनी शिष्य-मण्डलीसे बारहसौ शिष्योंको चुनकर काश्मीरकी दक्षिण-पश्चिमीय पर्वत मालाकी ओर प्रस्थान करने लगे। चलते चलते वह भूरूप (यह स्थान गुलमर्गके समीप आजकल 'भीरू' नामसे प्रसिद्ध ग्राम है) की सुन्दर गुफामें पहुंचे। यह ४०८६ कलियुगी सम्वत् पौष कृष्ण दशमी (तदनुसार सन् ६०२ ई० फरवरी) का दिन था। बस इसी दिन आचार्य अभिनवगुप्त अपने शिष्योंके साथ—

"व्याप्तचराचरभावविशेषं चिन्मयमेकमनन्तमनादिम्।
भैरवनाथमनाथशरण्यं त्वन्मयचित्ततया हृदि वन्दे॥"

इत्यादि अपने 'भैरवस्तोत्र' के पद्योंको गाते हुए गुफामें प्रविष्ट होकर समाधिस्थ हो गये। उसके बाद वह अभीतक उस गुफासे बाहर नहीं निकले। लेखकने

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

डॉ० कान्तिचन्द्र पाण्डेय पी. एच. डी. जो कि अभिनवगुप्ताचार्यके विषयमें बहुत कुछ अनुसन्धान कर चुके हैं— के साथ इस स्थानको स्वयं देखा है और गुफामें प्रविष्ट होकर वहां कुछ शिष्योंकी प्रस्तरमय-प्रतिमाओंके दर्शन भी किए हैं। यहां पर मुसलमानों की बस्ती है। किन्तु उनको अभी भी 'अभिनवगुप्त' का नाम और उसके समाधिधारणकी कथा विस्मृत नहीं है।

इस गुफाका द्वार करीब दो गज लम्बा और एक गज चौड़ा है। अन्दर कुछ दूर जाकर इसमें सीढ़ियां बनी हैं, उन सीढ़ियोंका मार्ग अत्यन्त संकुचित है। यहां तक कि मनुष्यको उत्तान होकर नीचे सरकना पड़ता है। पश्चात् एक विशाल भवन आता है। इसमें एक 'शिवलिंग' है। इस भवनसे दक्षिणकी ओर दूसरा संकुचित मार्ग है, जिसके कुछ दूर आगे जटाजूट बांधेहुए मालाधारी ब्रह्मचारियोंकी सुन्दर और सुडौल पाषाण मूर्तियां हैं। इसके सम्मुख एक दरार जैसा द्वार है। कहा जाता है कि इसीके आगे जानेपर आचार्यकी समाधिका स्थान था। परन्तु यह द्वार प्रतिदिन संकुचित हुआ जा रहा है। हमारे साथ एक ६० वर्षका बूढ़ा मुसल्मान था। उसने कहा कि मैं अपने बचपनमें इस मार्गसे कुछ दूर जाया करता था। परन्तु आजकल यह इतना संकुचित हो रहा है कि एक दशवर्षका बालक भी इसके भीतर प्रवेश नहीं करसकता है। मोटे या भारी पुरुष इस गुफामें प्रवेश नहीं करसकते हैं। पर्वतकी इस भयानक कन्दरामें सुन्दर और सुघड़ बटुजनोंकी मूर्तियोंको देखकर तथा ग्रामवासी मुसल्मानोंसे अभिनवगुप्त का नाम तथा उनकी निर्वाणकथा सुनकर ऐसा जान पड़ता है कि इस दन्त-कथामें अवश्य ही एक गम्भीर और विश्वसनीय रहस्य भरा है। तथा इसकी सत्यता पर ऐतिहासिक या ग्रन्थमय प्रमाण न मिलनेपर भी मनमें कोई कुशंकाकी तरंग नहीं उठने पाती।

अस्तु, आज अभिनवगुप्त हमारे सामने नहीं, परन्तु उनकी अमर रचनायें और उनका अलौकिक ज्ञान हमारे अन्धकारमय मार्गपर प्रकाशका कार्य कर रहा है। आचार्य अभिनवगुप्तने जो रचनायें संस्कृत समाजको प्रदानकी हैं उससे प्रत्येक संस्कृत साहित्य का स्नातक सदा ऋणी रहेगा। अभिनवगुप्त जैसे विद्वान्के ऊपर केवल काश्मीरियोंको ही नहीं अपितु सारी भारतीय आर्यजनताको गर्व करना चाहिए। यदि यूरोपमें अभिनवगुप्त जैसा कोई विद्वान् उत्पन्न होगया होता तो आज उसके जन्मस्थानपर अनेक स्वर्णमय स्मृतियां बनीहुई होतीं। जिस प्रकार शेक्सपियरकी जन्मभूमि 'स्टेट्सफोर्ड ऑन हैविन' सारे विश्वकी शिक्षित जनतामें प्रसिद्ध है। उसी प्रकार उसका स्थान भी प्रसिद्ध होता। आज काश्मीरमें अभिनवगुप्ताचार्यकी जन्मभूमि-वितस्तावतार, उसका प्रिय नगर 'अवन्तिपुर' और उसकी समाधिकन्दरा भूरूपको कोई बिरला ही विद्वान् जानता होगा। आलस्य और अज्ञानके घने अंधकारमें पड़े हुए काश्मीरीलोग अपने इस चमकते हुए तारेकी स्मृतिको भी अब खो रहे हैं। स्मृतिचिन्ह बनानेकी तो दूसरी बात रही आज दासताकी दृढ़ शृङ्खलामें जकड़ेहुए भारतीय लोग अपने सम्पूर्ण साहित्यके ज्ञानसे वंचित हैं। यही नहीं बल्कि बहुतसे शिक्षित लोग भी अपने साहित्यको हीन और उपेक्षाकी दृष्टिसे देखते हैं।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पार्वतीय मत्स्यवेधके खेलसे भी यही प्रतीत होता है कि अर्जुनने मत्स्यवेधकी शिक्षा यहांके लोगों को दी थी और उसकी शिक्षाको तथा लोगोंकी अभ्यास सफलताको देखनेको जनता इकट्ठी होजाती थी, वही एक प्रकारका मेला हो गया। यह मेला प्रायः देवोत्सवादि पर होता है। निदान परम प्राचीन काल से इस प्रदेशके सर्वत्र पहाड़ पर बाणवेधका मेला होता है और वह बाणवेध संभवतः मत्स्यवेधका ही अनुकरण है। उसकी यह प्रक्रिया है कि एक पार्टीके कतिपय बाणविद्याके शिक्षित पुरुष दो २ तीन २ बाण लेकर बैठते हैं और दूसरी पार्टीसे एक पुरुष दश बारह हाथकी दूरी पर आकर खड़ा होता है। उसके हाथमें एक मोरपंखका बना हुआ पंखा होता है, उसको वह अपने शिर पर रखता है और कभी-कभी इतस्ततः चलाता रहता है कि जिससे बाण चलाने वालेका लक्ष्य ठीक न हो सके। दूसरे हाथमें एक पतली सी लट्ठी रहती है; जिससे पैर हिलानेमें उस को सहारा रहता है और उस लाठीके सहारे पर ठहर कर ही अपने पैरोंको वह उठाता है और हिलाता है। पैरसे लेकर गांठी तक उसके पट्टी बंधी रहती है अथवा दोहरा मोटा पैजामा रहता है। बाणके मुंह पर लोह आदि कुछ नहीं होता है किन्तु उसके मुंह पर लकड़ीकी बनी हुई छोटी सी गांठ सी रहती है, बाण सेंठा (सरकंडा) का बना रहता है। उस बाणसे पैरका लक्ष्य करके क्रमशः दूसरी पार्टीके बैठे हुए पुरुष एक एक बाण चलाते हैं और वह पुरुष अपने पैरोंको बराबर उठाता रहता है। इधर उधर उछालता है जिससे बाण पैर में न लगे। यदि किसीने बाणको पैरमें अथवा टांगमें मार दिया तो बड़ी ही खुशी मनाता है और कभी २ वे दोनों जिसने लक्ष्य पर बाण को मारा है और जिसका पैर लक्ष्य बना था वे आपसमें हाथ मिला कर चक्कर लगाते हैं—मानो बाणवेधका पाणिग्रहण मूल्य मिला हो और हिलते हुए उसके पैर वस्तुतः मत्स्याकारसे प्रतीत होते हैं। यदि आप टांगके पैरसे गांठी तकके भागको देखें और भावना करें तो मत्स्याकार ही प्रतीत होगा। और ऊपरके मोरपंखका पंखा मानो कड़ाहा है। अथवा हिलानेका यन्त्र है। भेद इतना ही है कि मत्स्यवेधमें कड़ाहमें छायाको देख कर ऊपर यन्त्रसे हिलते हुए मत्स्यका वेध किया गया था और यहां मत्स्यसे आरोपित हिलते हुए पैरका वेध किया जाता है। जो लोग इस खेलको देखे हुए हैं वे अच्छी तरह समझ सकते हैं कि मत्स्यवेधका ही यह खेल है। संभवतः इस मत्स्यवेधको अर्जुनने ही एतद्देशीय लोगोंको सिखाया था और बादमें लोग इसका अभ्यास करते रहे, वही मत्स्यवेधका अनुकरण रूप खेल आज कल समस्त हिमालय प्रान्तमें शिमला सोलन और कालिका तक खेला जाता है। इससे यह सिद्ध है कि इसी प्रान्तमें मत्स्यदेश था जहांके लोगोंको अर्जुन ने प्रकट होनेके बाद सिखाया था। विराट नगर वराड़ाके नामसे परिवर्तित आज भी अम्बाला जिलामें है, वहां स्टेशनभी है। प्राकृतमें टकारके स्थानमें 'ड' होनेसे सुविधानुकूल विराडका वराड नामसे प्रसिद्धि हो गई।

भूल सुधार

इस अङ्कमें पृष्ठ २७ के दूसरे कालम पर पहले श्लोकका दूसरा पाद—

"शरदन्तु तदा सदस्यं जातं विपद्यते"

ऐसा अशुद्ध छप गया है; वहां—

"शरदन्तु तदा सस्यं जातं जातं विपद्यते"

ऐसा शुद्ध पाठ होना चाहिए और जहां 'स्वत्त्व' छपा है वहां 'स्वत्व' होना चाहिए। इसके अतिरिक्त कहीं कहीं छपते समय अक्षरके ऊपर नीचेकी मात्राएँ पांच दश स्थानों पर टूट गई हैं या पूरी उठ नहीं सकी हैं उन्हें पाठक सुधार कर पढ़नेकी कृपा करें।

—सम्पादक।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आचार्य श्रीअभिनवगुप्तपाद और मेरे संस्मरण

ह्रीं दक्षनासापुटे ।
ह्रूं वामनासापुटे ।
ऐं दक्षनेत्रे ।
क्लीं वाम नेत्रे ।
श्रीं ह्रीं क्लीं दक्षकर्णे ।
ऐं वामकर्णे ।
इं नाभौ ।
क्रों हृदये ।
क्रौं शिरसि ।

उक्त विधि से न्यास करने के पश्चात् पूजा आरम्भ करें ।

इष्ट-पूजा

अपने बाँई ओर जलपात्र, दाँई ओर पुष्पादि, पूजा-सामग्री तथा सम्मुख दीपकादि स्थापित करें :

फिर अपनी बाँई ओर—
"गुं गुरुभ्यो नमः ।"
से गुरुओं को, दाँई ओर—
"गं गणपतये नमः ।"
से गणेश को तथा सम्मुख—
"श्री छिन्नमस्तायै नमः ।"
से इष्ट देवता को नमस्कार करें ।

विनियोग :

"ॐ अस्य श्री छिन्नमस्ता मन्त्रस्य क्रोध भैरव ऋषिः, सम्राट् छन्दः, श्री छिन्नमस्तादेवता, हूं हूं बीजं+ स्वाहा शक्तिः, इष्टसिद्धयें विनियोगः ।"

+ 'मन्त्र महोदधि' में 'ह्रीं ह्रीं' बीज का उल्लेख है ।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इसके बाद निम्नलिखित न्यास करें—

ऋष्यादि न्यास :

शिरसि क्रोध भैरवाय ऋषये नमः ।

मुखे सम्राट् छन्दसे नमः ।

हृदि श्री छिन्नमस्तायै देवतायै नमः ।

गुह्ये हूं हूं बीजाय नमः ।

पादयोः स्वाहा शक्तये नमः ।

इष्टसिद्धिविनियोगाय नमः सर्वाङ्गे ।

कर न्यास :

ॐ आं खड्गाय स्वाहा कनिष्ठिकाभ्यां ।

ॐ ईं सुखड्गाय स्वाहा अनामिकाभ्यां ।

ॐ ऊं वज्राय स्वाहा मध्यमाभ्यां ।

ॐ ऐं पाशाय स्वाहा तर्जनीभ्यां ।

ॐ औं अंकुशाय स्वाहा अङ्गुष्ठाभ्यां ।

ॐ अः सुरक्षा रक्ष असुरक्षाय स्वाहा करतलकर पृष्ठाभ्यो नमः ।

[टिप्पणी—'मन्त्र महोदधि' में इस न्यास का प्रारम्भ अंगुष्ठ से किया गया है ।]

षडङ्गन्यास :

ॐ आं खड्गाय हृदयाय नमः स्वाहा ।

ॐ ईं सुखड्गाय शिरसे स्वाहा स्वाहा ।

ॐ ऊं वज्राय शिखायै वषट् स्वाहा ।

ॐ ऐं पाशाय कवचाय हुं स्वाहा ।

ॐ औं अंकुशाय नेत्रत्रयाय वौषट् स्वाहा ।

ॐ अः सुरक्षा रक्ष असुरक्षाय अस्त्राय फट् स्वाहा ।

[टिप्पणी—'मन्त्र महोदधि' में "सुरक्षरक्ष ह्रीं ह्रीं अस्त्राय फट्" लिखा है ।]

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

षोढान्यास :

(१) श्रीं ऐं क्लीं सौं श्रीं ह्लीं क्लीं ऐं हौं ।

(२) ओं क्रीं स्त्रीं क्रों ।

(३) ईं हुं फट् ।

(४) श्रीं क्लीं हूं ऐं वज्रवैरोचनीये हुं हुं फट् स्वाहा ।

(५) श्री ह्रीं हूं ऐं वज्रवैरोचनीये श्री ह्रीं ऐं फट् स्वाहा ।

(६) श्रीं ऐं क्लीं सौं श्रीं ह्लीं क्लीं ऐं हौं ओं श्रीं क्लीं हुं ऐं वज्रवैरोचनीये हुं हुं फट् स्वाहा ।

उपर्युक्त ६ मन्त्रों से प्रत्येक को मातृका से अन्तरित कर, मातृकावत् सभी मातृका-स्थानों में न्यास करें। यथा—

"श्रीं ऐं क्लीं सौं श्रीं ह्लीं क्लीं ऐं हौं ॐ अं नमः शिरसि ।"

इसी भाँति छहों मन्त्रों से न्यास करना चाहिए।

व्यापक न्यास

मूलमन्त्र द्वारा मस्तक से पाँव तक तथा पाँव से मस्तक तक न्यास करके, पुनः प्रणव द्वारा तीन बार व्यापक न्यास करना चाहिए।

फिर अन्तर्यजन करें। यथा—सर्वप्रथम इष्टदेवता का निम्नानुसार ध्यान करें—

"अन्तरस्वशरीरस्य नाभिनीरज संस्थिराम् ।
निर्लेपां त्रिगुणां सौम्यां बालचन्द्रसमप्रभाम् ॥
समाधिमात्रगम्यां च गुणत्रय समन्विताम् ।
कलातीतां गुणातीतां भुक्तिमुक्तिप्रदां स्मरेत् ॥"

उक्त विधि से ध्यान करने के उपरान्त निम्नानुसार मानसोपचार-पूजा करे—

मानसोपचार-पूजा

मुद्रा-प्रदर्शन

"लं पृथिव्यात्मकं गन्धं श्रीछिन्नमस्ता पादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि ।"

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उक्त मन्त्र पढ़कर, अधोमुख कनिष्ठाङ्गुष्ठ से 'गन्ध-मुद्रा' प्रदर्शित करें।

"हं आकाशात्मकं पुष्पं श्रीछिन्नमस्तापादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि।"

उक्त मन्त्र पढ़कर, अधोमुख तर्जनी अङ्गुष्ट से 'पुष्प-मुद्रा' प्रदर्शित करें।

"यं वाय्वात्मकं धूपं श्रीछिन्नमस्तापादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि।"

उक्त मन्त्र पढ़कर ऊर्ध्वमुखतर्जन्यङ्गुष्ठ से 'धूप-मुद्रा' प्रदर्शित करें।

"रं वह्न्यात्मकं दीपं श्रीछिन्नमस्तापादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि।"

उक्त मन्त्र पढ़कर ऊर्ध्वमुखमध्यमाङ्गुष्ठ से 'दीप-मुद्रा' प्रदर्शित करें।

"वं अमृतात्मकं नैवेद्यं श्रीछिन्नमस्तापादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि।"

उक्त मन्त्र पढ़कर अनामिकाङ्गुष्ठ से 'नैवेद्य-मुद्रा' प्रदर्शित करें।

"शं शक्त्यात्मकं ताम्बूलं श्रीछिन्नमस्तापादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि।"

उक्त मन्त्र पढ़कर सर्वाङ्गुलियों से 'ताम्बूल-मुद्रा' प्रदर्शित करें।

सामान्य-अर्घ्य स्थापन

इसके बाद निम्नलिखित विधि से 'सामान्य अर्घ्य' की स्थापना करें—

साधक अपने आसन से कुछ हटकर, अपनी दाँई ओर की भूमि पर रक्त चन्दन द्वारा त्रिकोणवृत्त का एक मण्डल निर्माण करें, फिर उसमें—

"ॐ ह्रीं आधारशक्त्यै नमः।"

मन्त्र का उच्चारण करते हुए गन्ध, अक्षत तथा पुष्प चढ़ाकर आधारशक्ति का पूजन करें।

फिर वह आधार लेकर तथा 'फट्' मन्त्र से धोकर मण्डल स्थापित करे तथा उसकी—

"ॐ सामान्यार्घ्यपात्रधाराय नमः।"

इस मन्त्र द्वारा गन्ध, अक्षत, पुष्प से पूजन करें। फिर एक पात्र लेकर उसे 'फट्' मन्त्र से धोयें तथा उसे आधार पर स्थापित करें। तत्पश्चात् गन्ध, अक्षत पुष्प छोड़कर—

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

"ॐ सामान्यार्घ्यपात्राय नमः ।"

इस मन्त्र से उसका पूजन करें। फिर उसमें 'ह्रीं' मन्त्र पढ़ते हुए जल भरें। तदुपरान्त 'अंकुश-मुद्रा' द्वारा उस जलमें. निम्नलिखित मन्त्र को पढ़ते हुए, सूर्यमण्डल से तीर्थों का आवाहन करें—

"ॐ गङ्गे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वती ।
नर्मदे सिन्धु कावेरी जलेस्मिन् सन्निधि कुरु ।।"

तदुपरान्त—

"ॐ गन्धाक्षत पुष्पं समर्पयामि ।"

यह कहते हुए उसमें गन्ध, अक्षत तथा पुष्प छोड़ें। फिर 'धेनु मुद्रा' प्रदर्शित कर उस जल को अमृतमय करें, तत्पश्चात् उस पर दस बार 'ॐ' का जप करें। इसके बाद निम्नानुसार शङ्ख-स्थापन करें—

शङ्ख-स्थापन

अपनी बाँई ओर सामान्यार्घ्य-जल द्वारा चतुरस्र और उसके मध्य में त्रिकोण बनाकर, उस पर त्रिपद को रखें। फ़िर 'फट्' से शङ्ख को धोकर, उसे त्रिपद पर स्थापित करें।

[**टिप्पणी**—यहाँ 'शङ्ख' से तात्पर्य मानव-खोपड़ी समझना चाहिए।]

फिर—

"ॐ यदंश कलात्मने वह्निमण्डलाय नमः ।"

इस मन्त्र से शङ्ख की पूजा करें। 'नमः' ऐ उसमें गन्ध, पुष्प, अक्षत, दूर्वा छोड़कर—

"क्षं ळं हं सं षं शं वं लं रं यं मं भं बं फं पं नं धं दं थं तं णं ढं डं ठं टं ञं झं जं छं चं ङं घं गं खं कं अः अं औं ओं ऐं एं लृं लृं ॠं ऋं ऊं उं ईं इं आं अं मूलं ।"

का उच्चारण करते हुए उसे शुद्ध जल से भरदें। फिर—

"ॐ सोममण्डलाय षोडश कलात्मने नमः"

से उस जल में पूजन कर, उसमें—

"ॐ गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती ।
नर्मदे सिन्धु कावेरी जलेस्मिन् सन्निधि कुरु ।"

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इस मन्त्र द्वारा सूर्यमण्डल से तीर्थों का आवाहन करें। फिर—

"श्रीछिन्नमस्ते इहावह इह तिष्ठ।"

कहते हुए इष्ट देवता का उस पात्र में आवाहन कर 'हुँ' द्वारा उसका अवगुण्ठन कर उसे "गालिनी-मुद्रा" दिखायें। फिर 'वौषट्' से उस जल का वीक्षणकर, षडङ्ग मन्त्रों से सकलीकरण कर, 'नमः' से गन्ध-पुष्प द्वारा देवता का पूजन करें तथा 'मत्स्य-मुद्रा' से उसे आच्छादित कर, दस बार मूलमन्त्र का जप करें। फिर 'वं' से धेनुमुद्रा दिखाकर, अस्त्र से उसका संरक्षण करें, तत्पश्चात् उस जल से अपना तथा पूजा-सामग्री का मूल-मन्त्र के उच्चारण सहित तीन बार अभिसिंचन करें।

[टिप्पणी—वीराचारी साधक शङ्ख-स्थापन के पश्चात् कलश-स्थापन तथा द्वितीयादि का शोधन कर श्रीपात्रादि की स्थापना करते हैं। तत्पश्चात् विन्दु-स्वीकार पर्यन्त कर्म करके यन्त्रराज की रचना करते हैं।]

यन्त्र स्थापन

यन्त्रराज की स्थापना हेतु एक सुन्दर चौकी अपने सामने रखकर, उस पर रखी गई एक सुन्दर तश्तरी में श्रीभगवती छिन्नमस्ता के आवाहन-पूजन हेतु अष्टगन्ध अथवा लालचन्दन द्वारा निम्नानुसार यन्त्र की रचना करनी चाहिए—

"सर्वप्रथम एक अधोमुख 'त्रिकोण' बनायें फिर उसके मध्य में तीन 'वृत्त' बनायें। फिर सबसे भीतर के वृत्त में तीन द्वारों वाले एक अधोमुख त्रिकोण का निर्माण करें। तत्पश्चात् प्रथम त्रिकोण के बाहर एक षट्कोण तथा उसके बाहर एक अष्टदल की रचना करें। अष्टदल के बाहर तीन रेखा वाले चार द्वारों से युक्त भूपुर का निर्माण करें। अन्त में, सबके भीतरी त्रिकोण के मध्य में 'हूं' तथा प्रथम त्रिकोण के तीनों कोणों में "हूं फट्' लिखें।" इस यन्त्र का स्वरूप अगले पृष्ठ पर प्रदर्शित है।

पूर्वोक्त प्रकार से यन्त्र निर्मित कर, उस यन्त्र-लिखित तश्तरी को सामने की चौकीपर रखकर पीठों का पूजन सबसे भीतरी त्रिकोण के मध्यमें करें। यथा—

ॐ आधार शक्तये नमः।

ॐ कूर्माय नमः।

ॐ अनन्ताय नमः।

ॐ पृथिव्यै नमः।

ॐ क्षीर समुद्राय नमः।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

छिन्नमस्तापूजन - यन्त्र



चित्रसंख्या ६

ॐ रत्नदीपाय नमः ।

ॐ कल्पवृक्षाय नमः ।

ॐ चिन्तामणि गृहाय नमः ।

ॐ रत्नवेदिकायै नमः ।

रत्न वेदिका की आठों दिशाओं में—

ॐ धर्माय नमः—पूर्वे ।

ॐ ज्ञानाय नमः—दक्षिणे ।

ॐ वैराग्याय नमः—पश्चिमे ।

ॐ ऐश्वर्याय नमः—उत्तरे ।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ऋतुराजका अभिनन्दन

[ले०—श्री पं० परमानन्दजी विद्यालङ्कार]

पीत वसन्ती लिये पताका,
धर कर उजला साज ।
बाग़ बग़ीची करती स्वागत,
चहुं दिशि तव ऋतुराज ॥१॥

आओ राजन्! भले पधारो,
कोकिल करती रुचिर पुकार ।
आम्र-वाटिका प्रस्तुत करती,
मधुमय कुसुमों का उपहार ॥२॥

हरित रंग की साड़ी से सज,
प्रकृति-वधू करती सत्कार ।
गेहूं सरसोंके थानोंका,
करती है पथमें विस्तार ॥३॥

अन्धकार के घूंघट में से
बाहर आकर मतवाली ।
आरति करने लिये सूर्य-मणि,
उषा सजाती है थाली ॥४॥

मधुर गन्धकी धूप जलाकर,
तुझे मनाती मलयानिल ।
तेरे स्वागतका है उत्सव,
आज मनाते सारे दिल ॥५॥

रंग-रंग के फूल चढ़ाकर,
तुझे रिझाती फुलवारी ।
स्नेहपान करने को तेरा,
अकुलाती कुदरत सारी ॥६॥

सबके इस अभिनन्दन का,
तू उत्तर कैसे देता है ।
अपनी अमित कमाई में से,
हिस्सा किसको देता है ॥७॥

यही जाननेको सबकी हैं,
आंखें तुझको रहीं निहार ।
हँसकर मुसका कर तू इनका,
स्वागत करता है स्वीकार ॥८॥

उत्तर देता है यह देखो,
परिवर्तन का युग आया ।
कल जो पत्ता हरा भरा था,
पीला होकर मुरझाया ॥९॥

तरुके सिर पर जो झूला था,
उसे पैर पर पटकाया ।
काम भली नीयतसे जबतक,
इसने करके दिखलाया ॥१०॥

नभ मण्डलसे कार्बन लेकर,
मुझको जब तक पहुंचाया ॥
तबतक मैंने खातिर करके,
अपनी गोदीमें खिलवाया ॥११॥

जीर्ण अशक्त हुआ अब जाता,
अपने घरकी राह लिये ।
भला बुरा जो किया हुआ था,
उसको अपने साथ लिये ॥१२॥

दुनिया है यह रंग बिरंगी,
कहीं खज़ाने, कहीं है नंगी ।
अपनी अपनी नेक कमाई,
जग में सबको है चंगी ॥१३॥

जिन पेड़ों ने अपनेपन का,
मोह नहीं बिसराया है ।
उनको पत्ते नये न मिलते,
यही स्वार्थ फल लाया है ॥१४॥

जिन डालोंने पत्ते त्यागे,
लोक भलाई करने को ।
आम उन्हीं डालों पर लगता,
त्याग-मूल्य उर धरनेको ॥१५॥

स्वार्थ भावसे ऊपर उठकर,
जो जगकी सेवा करता ।
उसकी झोली रही न खाली,
उसको परमेश्वर भरता ॥१६॥

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



श्री पीताम्बरा पीठाधीश्वराः
परमपूज्य श्री स्वामी जी महाराज दतिया (म. प्र.)
(महानिर्वाण दिनांक ३-६-१९७९)

ॐ

खं सदाशिव तत्त्व तृतीय वर्षे

कार्तिक कृष्ण ४ संवत् २०६८ शकः १९३३ तदनुसार १६ अक्टूबर सन् २०११
से
वैशाख शुक्ल ३ संवत् २०७० शकः १९३५ तदनुसार १३ मई सन् २०१३ पर्यन्त

तांत्रिक पञ्चांगम्

मूल्य : १५/- रुपये मात्र

– प्रकाशक –
श्री पीताम्बरा पीठ
दतिया (म.प्र.)

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

卐 विषय-प्रवेश 卐

ॐ

।। श्री गुरु वन्दना।।

ॐ शुद्ध स्फटिक संकाशं द्विनेत्रं करुणानिधिम्।
वरदाभय हस्तं च श्रीगुरुं शिवरूपिणम्।।
भक्ताज्ञान तमोभानुं मूर्ध्नि पंकज संस्थितम्।
सदाशिवमय नित्यं श्रीगुरुं प्रणमाम्यहम्।।
मातंगी भुवनेश्वरी च बगला धूमावती भैरवी।
तारा छिन्नशिरोधरा भगवती श्यामा रमा सुन्दरी।।
दातुं न प्रभवन्ति वांछित फलं यस्य प्रसादं विना।
तं वन्दे शिवरूपिणं निजगुरुं सर्वार्थ सिद्धिं प्रदम्।।

श्री महात्रिपुरसुन्दर्यै नमः

।। अथ ध्यानम् ।।

द्रां द्रीं क्लीं बीजरूपे हसित कहकहे ब्रह्मवेदान्त रंगे।
ब्लूं सः क्रौं वर्णमाले सुरगण नमिते तत्त्वरूपे ह् सूख्फ्रें।।
हसां हसीं हसौं बीजरूपे परमं सुखकरे वीरमातः स्वयंभू।
ऐं सूह् ख्फ्रें बीज तत्त्वे कलित कुलकुले ते नमः शुद्ध वीरे।।
बाला त्वं भैरवी त्वं त्रिभुवन जननी तारणी नीलवाणी।
त्वं गौरी त्वं च काली सकल मनुमयींत्वं महामोक्षदात्री।।

अनन्त ब्रह्माण्ड नायिका श्री भगवती महात्रिपुरसुन्दरी की कृपा एवं परमपूज्य राष्ट्रगुरु, पीताम्बरा पीठाधीश्वर श्री अनन्तश्री विभूषित श्रीस्वामी जी महाराज की प्रेरणा से तान्त्रिक पञ्चांग का यह तेहतींसवाँ (३३) प्रकाशन है।

इस तान्त्रिक पञ्चांग के विषय में विशेष जानकारी पूज्यपाद श्री अनन्तश्री स्वामी जी महाराज द्वारा प्रणीत 'लेख संग्रह, पारायण विधि' एवं 'सप्तविंशति रहस्य' नामक पुस्तकों में दी गई है जिसके फलस्वरूप दशों महाविद्या में से किसी भी महाविद्या के चरणारविन्द अनुरागी भक्त के हाथ में ज्यों ही यह तान्त्रिक पञ्चांग पहुँचता है उसके दैनिक उपयोग में लाने की अनिवार्यता एवं सार्थकता के साथ उसकी उपयोगिता भी साधक की समझ में सहज ही तुरन्त आ जाती है।

तांत्रिक पञ्चांग में तांत्रिक साधना का रहस्य

साधना के द्वारा साध्य सिद्धि प्राप्त करना प्रत्येक साधक का लक्ष्य है। साधकों के अधिकार भेद से साधना भिन्न-भिन्न रूप से शास्त्रनिर्दिष्ट होती है। ज्ञान योगी शुद्ध बुद्धि द्वारा ज्ञान की प्राप्ति करते हैं। राजयोगी चित्तवृत्ति निरोध से समाधि द्वारा अनेक अद्भुत सामर्थ्य प्राप्त करते हैं। हठयोगी प्राणायाम की समान गति में स्थिति द्वारा अनेक सिद्धि प्राप्त करते हैं और मन्त्रयोगी मन्त्राभ्यास से अपनी अभिलषित सिद्धि प्राप्त करते हैं। संसार में जितनी आध्यात्मिक साधनायें हैं वे सब इन्हीं चार प्रकारों में विभक्त हैं। यद्यपि प्रत्येक साधना में इन चारों प्रकारों का उपयोग होता हैं तथापि अधिकारी की योग्यता से एक की प्रधानता एवं अन्य का गौण रूप से उपयोग होता है। गौण प्रधान न्याय से चारों की पृथक्-पृथक् गणना की जाती है। ज्ञानयोग, राजयोग और हठयोग इस घोर कलियुग में सर्व साधारण व्यक्ति के लिए बिल्कुल असाध्य है। इसीलिये परम कृपालु भगवान श्री शंकर ने तन्त्रशास्त्र का उपदेश देकर कलिमलग्रस्त जीवों को इष्टदेव के स्वरूप की भक्ति के द्वारा श्रेय प्राप्ति का निश्चय किया है। तन्त्रशास्त्र, मन्त्रशास्त्र की साधना है। मन्त्र द्वारा उपास्यदेव के समस्त दिव्य गुण, क्रिया, स्वभाव का परिचय होता है। मन्त्राभ्यास से साधक में उक्त सभी गुण व्यक्त होते हैं। इष्ट के समस्त गुणों के व्यक्त होने पर साधक भी इष्टवत् हो जाता है तभी मन्त्र पूर्ण रूप से सिद्ध होता है। मन्त्र में प्राण-प्रतिष्ठादि प्रयोगों से मन्त्रसिद्ध देवता का आविर्भाव संकल्प सिद्धि से होता है, संकल्प सिद्धि मन्त्र चैतन्य होने पर ही होती है। वास्तव में संकल्प सिद्धि ही सिद्धि का द्वार है इसलिये प्रन्येक कर्म में संकल्प ही शुद्ध रीति से उपादेय होता है। संकल्प की शुद्ध रीति के ज्ञान के लिये 'तांत्रिक पञ्चांग' का आविर्भाव किया गया है।

संकल्प क्या है और क्यों करना चाहिए।

वैदिक शास्त्र के अनुसार संकल्प किये बिना कोई भी कर्म करना निष्फल है। इस सम्बन्ध में **परशुराम कल्पसूत्र** में इस प्रकार का उल्लेख है –

संकल्पेन बिना कर्म यत्किंचित् कुरुते जनः।
फलं चाप्यल्पकं तस्य धर्मस्यार्धक्षयो भवेत्।।
संकल्पमूलकाभावः यज्ञाः संकल्प सम्भवाः।
व्रत नियम धर्माश्च सर्वेसंकल्पजाः स्मृता।।

(परशुराम कल्पसूत्र ४०५।४०६)

भावार्थ – उपर्युक्त श्लोकों का संक्षिप्त अर्थ है कि बिना संकल्प के सभी कर्म, पूजा, पाठ, स्नान, ध्यान, व्रत, मन्त्र, पुरश्चरण आदि निष्फल होते हैं।

श्री अनन्तश्री विभूषित स्वामी जी महाराज ने "सप्तविंशति रहस्य" नामक पुस्तक में तांत्रिक पञ्चांग के संदर्भ में तांत्रिक संकल्प के सम्बन्ध में पृष्ठ संख्या ८९ में इस प्रकार उल्लेख किया है –

यामल में लिखा है –

अवश्य तांत्रिक कालं, उल्लिखेदन्यथा शिवे।
बहिर्मुख तु तत्कर्म, भवेद् भस्म हुतं तथा।।

अर्थात् तांत्रिक काल का उल्लेख किये बिना जो साधना की जाती है वह व्यर्थ होती है। तांत्रिक काल का ज्ञान तांत्रिक पञ्चांग द्वारा प्राप्त होता है।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रपञ्चसार में भी लिखा है –

कालात्मकस्य देवस्य राशेर्व्यक्तिमजानता।
कृतं समस्त व्यर्थ अनेन ज्ञान मानिना।।

अर्थात् कालरूपी देवता की राशि आदि जाने बिना जो कर्म किया जाता है वह निष्फल होता है।

इस प्रकार किस किस काल विभाग में किस दिग्विभाग में किस देवता का निवास है इसका ज्ञान होना आवश्यक है और इसी कारण से ही तांत्रिक पञ्चांग का विशेष महत्त्व है।

संकल्प लक्षण

विद्यमान देश कालोल्लेखन पूर्वक फलोल्लेखन सहित कर्मानुष्ठान विषयणी प्रतिज्ञा संकल्पः।

भावार्थ – देश काल का उच्चारण कर जिस उद्देश्य के निमित्त कर्म करना हो उसकी प्रतिज्ञा को संकल्प कहते हैं। इसी संकल्प को जानने के लिए तांत्रिक साधना में तांत्रिक पञ्चांग की अत्यन्त आवश्यकता है। इसकी सहायता से तांत्रिक संकल्प का प्रयोग सहज ही किया जा सकता है। ज्योतिष के साधारण पञ्चांगों में केवल तिथि, वार, नक्षत्र, योग, करण और ग्रहों की स्थिति का ही ज्ञान होता है, किन्तु तांत्रिक पञ्चांग से प्रत्येक काल में निवास करनेवाले देवता का परिचय मिलता है और जिस प्रकार ग्रहों का प्रभाव मनुष्य पर पड़ता है उसी प्रकार देवताओं का प्रभाव साधना करनेवाले व्यक्तियों पर पड़ता है।

यही कारण है कि शाक्तमत् अनुयायी साधक इस पंचांग द्वारा अपनी साधना एवं भजन सम्बन्धी संकल्पों में इसका सदैव प्रयोग करने लग गये हैं जिससे इस तांत्रिक पञ्चांग की लोक-प्रियता बढ़ती चली जा रही है। अतः उनकी सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए गत कई वर्षों से श्री महाविद्या के श्री क्रम के अतिरिक्त श्रीकाली के क्रम के अनुसार भी पूजा एवं सन्ध्या पारायण के संकल्प भी प्रकाशित करना आरम्भ कर दिया है। महाविद्या श्रीकाली की नित्याओं के मन्त्र एवं ध्यान भी अलग दे दिये गये हैं।

पंचांग के प्रकार

१) चतुरङ्ग, २) पंचाङ्ग, ३) अष्टाङ्ग, ४) द्वादशाङ्ग और ५) षोडशाङ्ग नाम से तांत्रिक पंचाङ्ग पांच प्रकार का माना गया है, जिनका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है –

(१) **चतुरङ्ग** – तार-त्रय (ऐं ह्रीं श्रीं) १. मूल विद्या २. वर्ष, ३.मास, ४. दिनोदय के वर्णो को जोड़कर पढ़ना होता है।

(२) **पंचाङ्ग** – १. मूल, २. दिन, ३. वार, ४. पक्ष और ५.मास के छत्तीस वर्णों को जोड़कर पढ़ना होता है।

(३) **अष्टाङ्ग** – १ वार, २. घटिका, ३. दिन, ४. नित्या, ५.वर्ष, ६. मास, ७. यम, ८. परिवृत्ति, इनके वर्णो के साथ अष्टांग होता है।

विद्या महाविद्या और शुक्रादि वारों को यद्यपि गणना में स्थान नहीं है तथापि मन्त्र-पारायण में इनकी गणना होती है। इसलिये पंचाङ्ग में इन्हें भी स्थान दिया गया है।

(४) **द्वादशाङ्ग** – १. वार, २. घटी, ३. युग, ४. मास, ५. पक्ष के वर्ण, ६. तिथि के वर्ण, ७. नित्या, ८. परिवृत्ति, ९. महायुग, १०.पूर्ण, ११. शवल, १२. महापरिवृत्ति इन द्वादश योगों से द्वादशांग की योजना होती है।

(५) **षोडशाङ्ग का क्रम** – १. पूर्ण, २. सत्य, ३. शवलं, ४.खर्व, ५. राम, ६. महापरिवृत्ति, ७. परिवृत्ति, ८. महायुग, ९. युग, १०. वर्ष, ११. मास, १२. लघुमास, १३. पक्ष, १४ दिन, १५. तिथिनित्या और १६. वार, घटी, नक्षत्र, योग, करण – इन षोडश अङ्गों से षोडशांग पंचाङ्ग की योजना होती है।

सोलहवें अङ्ग में पांच चीजें हैं – १. वार, २. घटी, ३. नक्षत्र, ४. योग और ५. करण। नाथ नौ तथा घटी पांच हैं जिन्हें क्रमशः अ, लृ, क, च, ट, त, प, य, श (वार) और अ, ए, च, त, य (घटी) कहते है। इन्हें पंचांग में यथाक्रम लिख दिया गया है।

दिन का क्रम – शुक्र, शनि, रवि, चन्द्र भूमि-सुत, बुध और गुरु हैं। नक्षत्र के ३६ अक्षर हैं। योग संख्या भी नक्षत्र के ही समान हैं।

नक्षत्र का वर्ण-क्रम – लृकार से आरम्भ होकर लकार पर्यन्त होता है।

योग का वर्ण-क्रम – अकार से आरम्भ होकर नकार पर्यन्त होता है। करण ऋकार से आरंभ होकर ख पर्यन्त बारह लिये गये हैं। जिनकी एक मास में तीन आवृत्तियाँ होती हैं। वर्षारम्भ के क्रम से दो दो मास की षट् ऋतुएँ वसन्तादि के हिसाब से होती हैं, जिन्हें श्रीकरी, मोहिनी, विमला हरिणी, भ्रामरी, गौरी, लक्ष्मी कहते हैं। कामेश्वरी से आरम्भ करके चित्रा-पर्यन्त दक्षिणायन और चित्रा से कामेश्वरी पर्यन्त उत्तरायण कहा जाता है।

षोडशांग में कुछ बातें संकेत रूप में कहीं गई हैं। जैसे पूर्ण अकार, सत्यं खकार, शबलं हकार, खर्व ह स ख फ्रें राम क्लीं महापरिवृत्ति स ह् ख फ्रें, महायुगे (०) युग खकार, लघु मास।

लघुमास की तिथि के अक्षरों का क्रम अकार से क्षकार पर्यन्त है। दोनों पक्षों की पंचमी, दशमी, पूर्णमासी तथा अमावस्या के दिन दो दो अक्षर हैं जिन्हें पंचाङ्ग में लिख दिया गया है।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पक्ष के अनुसार तिथि के अक्षरों का क्रम भी "अ" से आरम्भ होकर 'क्ष' पर्यन्त हैं। पंचमी, दशमी तथा पूर्णमासी के दिन चार-चार अक्षर हैं, शेष में दो-दो अक्षर हैं जिन्हें पंचांग में लिख दिया गया है।

विशेष –

पंचाङ्ग के निम्नलिखित नियम और है।

(१) अहर्गण की संख्या में ३६ का भाग देने से जो शेष बचे, क्रम से वही नक्षत्र होता है।

(२) अहर्गण की संख्या में ३६ का भाग देने से जो शेष बचे, क्रम से वही योग आता है।

प्रस्तुत पञ्चांग में लघुमास, पक्ष के अनुसार तिथि के अक्षर, दिनतत्व, तिथिनित्या, नक्षत्र, योग और करण के सभी अक्षर अनुस्वार-सहित हैं।

(३) अहर्गण की संख्या में १२ का भाग देने से करण आते हैं।

(४) तिथि के वर्ण शुक्ल-पक्ष की प्रतिपदा से आरम्भ होते हैं। ये वर्ण कुल ३६ हैं।

(५) लघुमास तथा पक्ष का आरम्भ शुक्ल-पक्ष प्रतिपदा से होता है।

(६) बड़ी लृं के लिए (लॄं) पढ़े।

पंचाङ्ग देखने का क्रम

अहर्गण, तिथि, तिथि-मान, दिन-मान, लघुमास के अनुसार तिथि के अक्षर, दिन-तत्व, तिथि-नित्या, नाथ, उदय घटी, नक्षत्र, योग, करण, विद्या, महाविद्या, वार, तारीख, संक्रान्ति के अंश एवं पर्व दिन।

श्री श्री महा विद्याक्रम के अनुसार तांत्रिक सन्ध्या, पारायण, जप एवं पूजा का संकल्प

नये वर्ष में प्रथम दिन कार्तिक कृष्ण पक्ष ४ संवत् २०६८ शकः १९३३ तदनुसार तारीख १६ अक्टूबर सन् २०११ दिन रविवार का संकल्प निम्नानुसार होगा।

सन्ध्या का संकल्प

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं अं पूर्णे षं सत्ये हं शबले हस्ख्फ्रें खर्वें क्लीं रामे स्हख्फ्रें महापरिवृत्तौ, शून्यं (०) महायुगे खं तृतीय युगे दं एकोन्विंशति परिवृत्तौ खं सदाशिव तत्त्वं तृतीय वर्षे श्रीकरी ऋतौ अं कामेश्वरी मासे बं लघुमासे झं जं पक्षे अं दिनतत्त्वे औं तिथि नित्यायां अ नाथे च उदय घटिकायां लृं नक्षत्रे अं योगे ऋं करणे मालिनी विद्यायां कुमारी महाविद्यायां रविवासरे शाम्भव गोत्रोत्पन्न अमुकानन्दनाथोऽहं श्री ललितामहात्रिपुरसुन्दरी प्रीत्यर्थे (प्रातः, मध्याह्न, सायं अथवा तुरीय) सन्ध्या करिष्ये।

पारायण का संकल्प

आदि गुरौः परशिवस्याज्ञया प्रवर्तमानेन देवीमानेन षट्त्रिंशत् तत्त्वात्मक सकल प्रपञ्च सृष्टि-संहार तिरोधानानुग्रह कारिण्याः श्रीपराशक्त्या ऊर्ध्वम् विभ्रमे ॐ ऐं ह्रीं श्रीं अं पूर्णे षं सत्ये हं शबले हस्ख्फ्रें खर्वे क्लीं रामे स ह् ख फ्रें महापरिवृत्तौ शून्यं (०) महायुगे खं तृतीय युगे दं एकोन्विंशति परिवृत्तौ खं सदाशिव तत्त्वं तृतीय वर्षे श्रीकरी ऋतौ अं कामेश्वरी मासे बं लघुमासे झं जं पक्षे अं दिन तत्त्वे औं तिथि नित्यायाम् अ नाथे च उदय घटिकायां लृं नक्षत्रे अं योगे ऋं करणे मालिनी विद्यायां कुमारी महाविद्याया रविवासरे शाम्भव गोत्रोत्पन्न अमुकानन्दनाथोऽहं श्री ललिता महात्रिपुरसुन्दरी प्रीत्यर्थे अमुक पारायणं (जप अथवा पाठ) करिष्ये।

श्री काली क्रम के अनुसार सन्ध्या, पारायण, जप एवं पूजा का संकल्प निम्न प्रकार से होगा।

१. सन्ध्या का संकल्प

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं अं पूर्णे षं सत्ये हं शबले ह्स्ख्फ्रें खर्वे क्लीं रामे स्हखफ्रें महापरिवृत्तौ, शून्यं (०) महायुगे खं तृतीय युगे दं एकोन्विंशति परिवृत्तौ खं सदाशिव तत्व तृतीय वर्षे श्रीकरी ऋतौ अं कामेश्वरी मासे बं लघुमासे झं जं पक्षे अं दिनतत्वे औं तिथि नित्यायां अ नाथे च उदय घटिकायां लृं नक्षत्रे अं योगे ऋं करणे मालिनी विद्यायां कुमारी महाविद्यायां रविवासरे शाम्भव गोत्रोत्पन्न अमुकानन्दनाथोऽहं श्री ललितामहात्रिपुर सुंदरी प्रीत्यर्थे (प्रातः, मध्याह्न, सायं अथवा तुरीय) सन्ध्या करिष्ये।

२. पारायण का संकल्प

आदि गुरौः परिशिवस्याज्ञया प्रवर्तमानेन देवीमानेन षट्त्रिंशत् तत्वात्मक सकल प्रपञ्च सृष्टि-संहार-तिरोधानानुग्रह कारिण्याः श्री पराशक्त्या ऊर्ध्वम् विभ्रमे ॐ ऐं ह्रीं श्रीं अं पूर्णे षं सत्ये हं शबले हस्ख्फ्रें खर्वे क्लीं रामे स ह् ख फ्रें महापरिवृत्तौ, शून्यं (०) महायुगे खं तृतीय युगे दं एकोन्विंशति परिवृत्तौ खं सदाशिव तत्त्व तृतीय वर्षे श्रीकरी ऋतौ अं कामेश्वरी मासे बं लघुमासे झं जं पक्षे अं दिन तत्त्वे औं तिथि नित्यायां अ नाथे च उदय घटिकायां लृं नक्षत्रे अं योगे ऋं करणे मालिनी विद्यायां कुमारी महाविद्यायां रविवासरे शाम्भव गोत्रोत्पन्न अमुकानन्दनाथोऽहं श्री ललितामहात्रिपुर सुंदरी प्रीत्यर्थे अमुक पारायणं (जप अथवा पाठ) करिष्ये।

३. काली क्रम में ९ नाथ

अ, लृ, क, च, ट, त, प, य, एवं श के नवनाथ क्रमशः इस प्रकार है –

१. (अ) प्रह्लादानन्दनाथ, २. (लृ) सकलानन्दनाथ,

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

३.(क) कुमारानन्दनाथ, ४.(च) वशिष्ठानन्दनाथ, ५.(ट) क्रोधानन्दनाथ, ६.(त) सुरानन्दनाथ, ७.(प) ध्यानानन्दनाथ, ८.(य) बोधानन्दनाथ, ९.(श) शुकानन्दनाथ।

४. काली क्रम के अनुसार १६ नित्याओं

(अं आं इं ईं उं ऊं ऋं ॠं लृं लॄं एं ऐं ओं औं अं अः) के नाम इस प्रकार पढ़े जायेंगे –

१. काली, २. कपालिनी, ३. कुल्ला, ४. कुरुकुल्ला, ५. विरोधिनी, ६. विप्रचित्ता, ७. उग्रा, ८. उग्रप्रभा, ९. दीप्ता, १०. नीला, ११. घना, १२. बलाका, १३. मात्रा, १४. मुद्रा, १५. मिता, १६. असिता। पंचांग में कामेश्वरी, भगमालिनी आदि महीनों के स्थान पर काली क्रम के अनुसार उपर्युक्त महीनों के नाम संकल्प में जोड़ना चाहिये।

५) दोनों क्रमों (श्री एवं काली) में षोडश मासों के नाम चन्द्रकलाओं के नाम से इस प्रकार होंगे – १. अमृता, २. मानदा, ३.पूषा, ४. तुष्टि, ५. पुष्टि, ६. रति, ७. धृति, ८. शशिनी, ९. चन्द्रिका, १०. कान्ति, ११. ज्योत्स्ना, १२. श्री, १३. प्रीति, १४. अंगदा, १५.पूर्णा, १६. पूर्णामृता।

इसके अतिरिक्त इन्हीं षोडश मासों के नाम सदाशिव कलाओं के नाम से इस प्रकार हैं –

१. निवृत्तकला, २. प्रतिष्ठाकला, ३. विद्याकला, ४. शांति-कला, ५. इन्धिकाकला, ६. दीपिकाकला, ७. रेचिकाकला, ८. मोचिकाकला, ९. पराकला, १०. सूक्ष्माकला, ११. सूक्ष्मामृता-कला, १२. ज्ञानाकला, १३. ज्ञानामृताकला, १४. आप्यायिनी-कला, १५. व्यापिनीकला, १६. व्योमरूपाकला।

६) 'तत्त्व' दोनों (श्री एवं काली) क्रमों के एक से ही हैं। ३६ तत्त्व ही ३६ दिन हैं, जो इस प्रकार हैं –

संख्या	संज्ञा	नाम	संख्या	संज्ञा	नाम
१	अ	शिव	१९	द	चक्षु
२	क	शक्ति	२०	ध	जिह्वा
३	ख	सदाशिव	२१	न	घ्राण
४	ग	ईश्वर	२२	प	वाक्
५	घ	शुद्ध विद्या	२३	फ	पाणि
६	ङ	माया	२४	ब	पाद
७	च	कला	२५	भ	पायु
८	छ	विद्या	२६	म	उपस्थ
९	ज	राग	२७	य	शब्द
१०	झ	काल	२८	र	स्पर्श
११	ञ	नियति	२९	ल	रूप
१२	ट	पुरुष	३०	व	रस
१३	ठ	प्रकृति	३१	श	गन्ध
१४	ड	अहङ्कार	३२	ष	आकाश
१५	ढ	बुद्धि	३३	स	वायु
१६	ण	मन	३४	ह	तेज
१७	त	श्रोत्र	३५	ळ	सलिल
१८	थ	त्वग्	३६	क्ष	भूमि

काली की नित्यायें
(मन्त्र एवं ध्यान सहित)

१. काली नित्या

मन्त्र – ॐ ह्रीं कालि कालि महाकाली कौमारि मह्यं देहि स्वाहा।

ध्यान – श्याम वर्णा महा-भीमा घोर-रावा करालिनी।
मुण्ड माला विभूषाढ्या दक्षे खड्गे प्रविभ्रति।
तर्जनी धारयन् वामे नृत्यन्ती प्रेत-भूमिषु।।

२. कपालिनी

मन्त्र – ॐ ह्रीं क्रीं कपालिनी महाकपाल-प्रिय-मानसे कराल सिद्ध मे देहि हूं फट् स्वाहा।

ध्यान – ध्यायेदञ्जन–पुञ्जाभामापीन–स्तन–युग्माकाम्।
चन्द्र-वक्र च बिम्बौष्ठो मुक्त-केशीं दिगम्बराम्।।
चतुर्मुण्डोपरि–गता शंख कंकण भूषिताम्।
खड्ग त्रिशूल–वरदाभयान् हस्त–चतुष्टये।।

३. कुल्ला

मन्त्र – ॐ क्रीं कुल्लायै नमः।

ध्यान – चतुर्भुजां त्रिनयनां मुकुटा टोप-मण्डिताम्।
शवासन-गतां कुल्लां दश-मुण्डोपरि स्थिताम्।।
वराभयौ करे वामे पुस्त-स्रग् दक्षिणे करे।

४. कुरुकुल्ला

मन्त्र – ॐ क्रीं कुरुकुल्ले क्रीं ह्रीं मम सर्व जन वशमानय क्रीं कुरुकुल्ले ह्रीं स्वाहा।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ध्यान – ततो ध्याये-महाविद्यां कुरुकुल्लां कुलेश्वरीम्।
शवोपरि-समासीनां मुण्डमाला-विभूषिताम्।।
कपाल कर्तृका हस्तां-खड्ग-खेटक धारिणीम्।
अञ्जनाद्रि-निभां दिव्यां मुक्त केशीं चतुर्भुजाम्।।

५. विरोधिनी

मन्त्र – ॐ क्रीं ह्रीं क्लीं हूं विरोधिनी शत्रूनुच्चाटय विरोधय शत्रूक्षयङ्करी हूं फट्।

ध्यान – चतुर्भुजां त्रिनयनां शव-पद्मोपरि-स्थिताम्।
त्रिशिख-नाग-पाशं च घण्टां च डमरुं तथा
संविभ्रतीं महादेवीं क्रमाद्-भुज-चतुष्ट्ये।।

६. विप्रचित्ता

मन्त्र – ॐ श्रीं क्लीं चामुण्डे विप्रचित्ते दुष्ट घातिनी शत्रून्नाशय एतद्दिनावधि प्रिय सिद्धिं मे देहि हूं फट् स्वाहा।

ध्यान – चतुर्भुजाम् त्रिनयनाम् पीनोन्नत-पयोधराम्।
दिगम्बरां मुक्त-केशीं ललज्जिह्वा भयानकाम्।।
भीम दष्ट्रां करालस्यां सृक्किणी रक्त-वाहिनीम्।
खड्ग-मुण्ड-कपाल-त्रिशूल-हस्तां महोदरीम्।।

७. उग्रा

मन्त्र – ॐ स्त्रीं हूं ह्री हूं फट्।

ध्यान – ततोध्यायेत् परामुग्रां प्रत्यालीढ-पद-स्थिताम्।
चतुर्भुजां त्रिनयनां मुण्डमाला-विभूषिताम्।।
श्याम-वर्णा मुक्त-केशी खड्गेन्दीवर धारिणीम्।
कपाल - कर्तृकाहस्तां वरदान - परायणाम्।।

८. उग्रप्रभा

मन्त्र – ॐ हूं हूं उग्र-प्रभे देवि काली-महादेवी स्वरूप दर्शय हूं फट् स्वाहा।

ध्यान – चतुर्भुजां त्रिनयनां - पद्मोपरि - स्थिताम्।
सुप्रसन्न-मुखाम्भोजां शव-मांस-प्रभोजिनीम्।।
शवानां कर संघातैः कृत काञ्ची हसन्मुखीम्।
खड्ग-मुण्ड-धरां वामे दक्षे खर्पर-कर्तृके।।

९. दीप्ता

मन्त्र – ॐ क्रीं हूं दीप्तायै सर्व मन्त्र फलदायै हूं फट् स्वाहा।

ध्यान – चतुर्भुजां त्रिनयनां मुण्ड-मालां-विभूषिताम्।
शव पद्मे समासीनां पीनोन्नत पयोधराम्।।
शवास्थि कृत-केयूर-शंख कङ्कण भूषिताम्।
खड्ग मुण्ड-धरां वामे सव्येऽभय-वर प्रदाम्।।

१०. नीला

मन्त्र – हूं हूं क्रीं क्रीं ह्रीं ह्रीं हसवलमरी नील पताके हूं फट्।

ध्यान – भयङ्कराकृति-धरां मुण्ड-माला-विभूषिताम्।
रक्त चञ्चल-नेत्राब्जां ललज्जिह्वां च भीषणाम्।।
शवोपरि-समासीनां नर मांसास्थि-भूषिताम्।
ध्यायेन्नीलां ज्ञान-दात्री सर्व सिद्धि प्रदायिनीम्।।

११. घना

मन्त्र – ॐ क्लीं ॐ घनालये हूं फट्।

ध्यान – चतुर्भुजां त्रिनयनां कृष्ण वर्णा च भीषणाम्।
सद्यः कर्तित-वाहूनां विभ्रतिं क्षुद्र घंटिकाम्।।
हस्तेषु खेटकं खड्ग पाशं मुद्गर तथा।
धारयन्तीं घनां ध्यायेत् रक्ताप्लांविताधराम्।।

१२. बलाका

मन्त्र – ॐ क्रीं हूं ह्रीं बलाकाकालि अत्युद्भुत पराक्रमे अभीष्ट सिद्धिं मे देहि हूं फट् स्वाहा।

ध्यान – नित्यां बलाकां ध्याये त्रिनेत्रनां श्मशान वासिनीम्।
भीमाकृति श्यामवर्णा दधानां हस्त किंकिणीम्।।
विकीर्ण-केशैः राजतीं धारयन्तीं च बाहुषु।
खड्ग मुण्ड दक्षे वामे चषकं मुद्रां तर्जनीम्।।

१३. मात्रा

मन्त्र – ॐ क्रीं ह्रीं ऐं १० महामात्रे सिद्धिं मे देहि सत्वरं हूं फट् स्वाहा।

ध्यान – शव-वक्षसि भ्राजन्ती भीषणाकार धारिणीम्।
त्रिनेत्रैः शोभिताम् दिव्यां चतुर्भिर्बाहुभिस्तथा।।
कपाल कर्तृकां चैव तीक्ष्ण खड्ग शिरस्तथा।
धारयन्तीं भजे मात्रां भक्तभीष्ट-प्रदायिनीय्।।

१४. मुद्रा

मन्त्र – ॐ क्रीं ह्रीं हूं प्रीं फ्रें मुद्राम्बा मुद्रा-सिद्धिं मे देहि भो जगन्मुद्रा स्वरूपिणी हूं फट् स्वाहा।

ध्यान – ध्यायामि मुद्रां नित्यां वै मुण्ड-माला-विभूषिताम्।
रुधिरेणाधरौष्ठं च प्लावयन्तीं भयङ्करीम्।।
चतुर्भुजैः कपालं च छुरिकां खड्ग खेटके।
दधानां जयदां देवीं जनानामभय-प्रदाम्।।

१५. मिता

मन्त्र – ॐ क्रीं हूं ह्रीं ऐं परिमिते पराक्रमाय ॐ क्रीं हूं ह्रीं ऐं सोऽहं हूं फट् स्वाहा।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ध्यान – भीमां विकीर्ण-केशां च ध्यायेन्नित्यां मितांशुभां।
कृष्णा-वर्णा रक्त-वस्त्रां शवासीनां भयानकाम्।।
मुण्डमालां धरां दिव्यां धारयन्ती चतुर्भुजैः।
चन्द्रहासं मस्तकं च वरं चैवाभयं तथा।।

इस प्रकार काली एवं श्री क्रमों के साधकों को सम्प्रदायानुसार पंचांग का उपयोग वांछित फल देता है।

पूज्यपाद श्री अनन्त श्री स्वामी जी महाराज ने प्रति मास में कम से कम पांच बार अवश्य ही श्री चक्रार्चन करने के लिए निर्देश दिए थे।

आवश्यक सूचना (१)

शुक्ल पक्ष एवं कृष्ण पक्ष की दोनों अष्टमी, अमावस्या पूर्णमासी एवं संक्रांति के पर्व में पूजा करने के लिए इस पंचांग में यथास्थान ''पूजा'' शब्द लिखकर संकेत कर दिया गया है। अतः साधकों से सविनय अनुरोध है कि जो साधक प्रतिदिन तांत्रिक सन्ध्या, पारायण या पर्वों पर यन्त्र पूजन, अर्चन आदि इस तांत्रिक पंचांग की सहायता से करते हों उन्हें चाहिये कि जिस स्थान पर स्वयं हों उस स्थान के प्रचलित पंचांग की सहायता से तिथि का शोधन कर संकल्प में लगाकर बोलने का कष्ट करें।

पूज्यपाद श्री अनन्त श्री स्वामी जी महाराज दतिया की कृपा एवं प्रेरणा से यह पंचांग साधना के उपयोग में लाने के लिये लिखा गया है। इसमें भूल या असावधानीवश कोई त्रुटि रही हो तो इसमें हमारा दोष समझकर पाठकगण कृपापूर्वक क्षमा करेंगे एवं त्रुटि के बारे में हमें लिखेंगे तो भविष्य में उसे भी सुधारने का प्रयत्न किया जायेगा।

– प्रार्थना –

महादेवि महेशानि महाशिवे महाप्रिये।
महानित्ये महासिद्धे त्वामहं शरणं व्रजे।।
तिष्ठ मे हृदये नित्यं त्रिपुरे परमेश्वरि।
जगदम्ब महाराज्ञि महाशक्ति शिवप्रिये।।

श्री गुरुपादारविन्दरज अनुरागी
हरिराम सावला-न्यासी
एवं
डॉ. मोतीलाल खड्डुरशास्त्री (मास्टरजी)

श्री पीताम्बरा पीठाधीश्वर श्री अनन्त श्री पूज्य स्वामी जी महाराज द्वारा विरचित यह तांत्रिक पञ्चांग हमारे देश में अपने ढङ्ग का विलक्षण और एकमात्र पंचांग है, लंदन के सुप्रसिद्ध प्रकाशक राइटर एण्ड कम्पनी द्वारा प्रकाशित "THE TANTRIC TRADITION" के Bibliographical Section के पृष्ठ ३११ पर इस अद्वितीय पञ्चांग के सम्बन्ध में इस प्रकार उल्लेख किया गया है।

"DATIYA Swami Tantrika panchanga five limbs of tantric worship a short treatise well known both in Bengal and the South" CH. SS. 002/63

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पूर्णे (अं)सत्यं (षं)शबलें (हं)खर्वें (ह् स् ख् फ्रें)रामेः (क्लीं)महापरिवृत्तिः (स् ह् ख् फ्रें) महायुगं (०) शून्यं खं ३ युगे दं (एकोन्विंशति) परिवृत्तौ खं सदाशिव तत्त्व तृतीय वर्षे श्रीकरी ऋतौ अं कामेश्वरी मासे कार्तिक कृष्ण ४ संवत् २०६८ शकः १९३३ से कार्तिक शुक्ल ७ तदनुसार दि.१६ अक्टूबर २०११ से २ नवम्बर २०११ पर्यंत।

अहर्गण	तिथि	ति.मा. घटी पल	तारीख	दिन	दिन मान घटी पल	लघुमास के अनुसार तिथि के अक्षर	पक्ष के अनुसार तिथि के अक्षर	दिन तत्त्व	तिथि नित्या	नाथ	उदय घटी	नक्षत्र	योग	करण	विद्या	महाविद्या	संक्रांति के अंश	पर्व दिन
	कार्तिक कृष्ण संवत् २०६८		अक्टू. सन् २०११															
१८६७३९३	४	१९-०३	१६	रवि	२८-३८	बं	झं ञं	अं	औं	अ	च	लृं	अं	ॠं	मालिनी	कुमारी		
१८६७३९४	५	२२-१७	१७	सोम	२८-३४	भं मं	टं ठं डं ढं	कं	ओं	लृ	त	लॄं	आं	ॠं	मातंगी	,,		
१८६७३९५	६	२३-२१	१८	भौम	२८-३१	यं	णं तं	खं	ऐं	क	य	एं	इं	लृं	विजया	,,		तुलायां च सूर्य १७.४८ पूजा
१८६७३९६	७	२३-५४	१९	बुध	२८-२७	रं	थं दं	गं	एं	च	अ	ऐं	ईं	लृं	जया	,,		पूजा
१८६७३९७	८	२२-५१	२०	गुरु	२८-२४	लं	धं नं	घं	लॄं	ट	ए	ओं	उं	एं	भगवती	,,		
१८६७३९८	९	२०-४०	२१	शुक्र	२८-२०	वं	पं फं	ङ	लृं	त	च	औं	ऊं	ऐं	देवी	,,		
१८६७३९९	१०	१७-५३	२२	शनि	२८-१७	शं षं	बं भं मं यं	चं	ॠं	प	त	अं	ऋं	ओं	शिवा	,,		
१८६७४००	११	१२-३७	२३	रवि	२८-१३	सं	रं लं	छं	ऋं	य	य	अः	ॠं	औं	शाम्भवी	,,		
१८६७४०१	१२	७-५२	२४	सोम	२८-१०	हं	वं शं	जं	ऊं	श	अ	कं	लृं	अं	काली	शक्ति		
१८६७४०२	१३/१४	२-२५ / ५४-१२	२५	भौम	२८-६	ळं क्षं	षं सं हं ळं	झं	उं	अ	ए	खं	लॄं	अः	कला	,,		धूमावती ज./नरक चतुर्दशी
१८६७४०३	३०	५०-२	२६	बुध	२८-३	अं कं	क्षं अं कं खं	ञं	ईं	लृ	च	गं	एं	कं	मालिनी	,,		पूजा, कमला जयंती
१८६७४०४	कार्तिक शु.१	४४-३८	२७	गुरु	२८-०	खं	गं घं	टं	इं	क	त	घं	ऐं	खं	मातंगी	,,		
१८६७४०५	२	३९-२८	२८	शुक्र	२७-५६	गं	ङं चं	ठं	आं	च	य	ङं	ओं	ऋं	विजया	,,		
१८६७४०६	३	३३-३३	२९	शनि	२७-५३	घं	छं जं	डं	अं	ट	अ	चं	औं	ॠं	जया	,,		
१८६७४०७	४	२९-३३	३०	रवि	२७-५०	ङं	झं ञं	ढं	अं	त	ए	छं	अं	लृं	भगवती	,,		
१८६७४०८	५	२४-४२	३१	सोम	२७-४६	चं छं	टं ठं डं ढं	णं	आं	प	च	जं	अः	लॄं	देवी	,,		
१८६७४०९	६	२२-१९	नव.२०११ १	भौम	२७-४३	जं	णं तं	तं	इं	य	त	झं	कं	एं	शिवा	,,		
१८६७४१०	७	२०-१४	२	बुध	२७-४०	झं	थं दं	थं	ईं	श	य	ञं	खं	ऐं	शाम्भवी	,,		पूजा

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पूर्णे (अं)सत्यं (षं)शबलें (हं)खर्वे (ह् स् ख् फ्रें)रामेः (क्लीं)महापरिवृत्तिः (स् ह् ख् फ्रें) महायुगं (०) शून्यं खं ३ युगे दं (एकोन्विंशति) परिवृत्तौ खं सदाशिव तत्त्व तृतीय
श्रीकरी ऋतौ अं कामेश्वरी मासे कार्तिक शुक्ल ८ संवत् २०६८ शकः १९३३ से मार्गशीर्ष कृष्ण १० तदनुसार दि.३ नवम्बर २०११ से २० नवम्बर २०११ पर्य

अहर्गण	तिथि	ति.मा. घटी पल	तारीख	दिन	दिन मान घटी पल	लघुमास के अनुसार तिथि के अक्षर	पक्ष के अनुसार तिथि के अक्षर	दिन तत्त्व	तिथि नित्या	नाथ	उदय घटी	नक्षत्र	योग	करण	विद्या	महाविद्या	संक्रांति के अंश	पर्व दिन
	कार्तिक शु. संवत् २०६८		नवम्बर सन् २०११															
१८६७४११	८	१९-४३	३	गुरु	२७-३७	ञं	धं नं	दं	उं	अ	अ	टं	गं	ओं	काली	शंकरवल्लभा		
१८६७४१२	९	२०-२७	४	शुक्र	२७-३३	टं	पं फं	धं	ऊं	लृ	ए	ठं	घं	औं	कला	,,		
१८६७४१३	१०	२२-४०	५	शनि	२७-३०	ठं डं	बं भं मं यं	नं	ऋं	क	च	डं	ङं	अं	मालिनी	,,		
१८६७४१४	११	२५-३८	६	रवि	२७-२७	ढं	रं लं	पं	ॠं	च	त	ढं	चं	अः	मातंगी	,,		
१८६७४१५	१२	३०-२२	७	सोम	२७-२४	णं	वं शं	फं	लृं	ट	य	णं	छं	कं	विजया	,,		
१८६७४१६	१३	३५-२५	८	भौम	२७-२१	तं	षं सं	बं	ॡं	त	अ	तं	जं	खं	जया	,,		
१८६७४१७	१४	४०-४६	९	बुध	२७-१८	थं	हं ळं	भं	एं	प	ए	थं	झं	ऋं	भगवती	,,		
१८६७४१८	१५	४५-५९	१०	गुरु	२७-१५	दं धं	क्षं अं कं खं	मं	ऐं	य	च	दं	ञं	ॠं	देवी	,,		
१८६७४१९	मार्गशीर्ष कृ.१	५०-२४	११	शुक्र	२७-१२	नं	गं घं	यं	ओं	श	त	धं	टं	लृं	शिवा	,,		पूजा
१८६७४२०	२	५४-२०	१२	शनि	२७-९	पं	ङं चं	रं	औं	अ	य	नं	ठं	ॡं	शाम्भवी	,,		
१८६७४२१	३	५७-१४	१३	रवि	२७-६	फं	छं जं	लं	अं	लृ	अ	पं	डं	एं	काली	त्रिनयना		
१८६७४२२	४	५८-४४	१४	सोम	२७-४	बं	झं ञं	वं	अं	क	ए	फं	ढं	ऐं	कला	,,		
१८६७४२३	५	५८-५७	१५	भौम	२७-१	भं मं	टं ठं डं ढं	शं	औं	च	च	बं	णं	ओं	मालिनी	,,		
१८६७४२४	६	५७-५६	१६	बुध	२६-५८	यं	णं तं	षं	ओं	ट	त	भं	तं	औं	मातंगी	,,		
१८६७४२५	७	५५-४८	१७	गुरु	२६-५५	रं	थं दं	सं	ऐं	त	य	मं	थं	अं	विजया	,,		
१८६७४२६	८	५२-२९	१८	शुक्र	२६-५३	लं	धं नं	हं	एं	प	अ	यं	दं	अः	जया	,,		वृश्चिकेऽच सूर्य १०.३८ पूजा
१८६७४२७	९	४८-२१	१९	शनि	२६-५०	वं	पं फं	ळं	लृं	य	ए	रं	धं	कं	भगवती	,,		पूजा
१८६७४२८	१०	४३-२८	२०	रवि	२६-४८	शं षं	बं भं मं यं	क्षं	ॡं	श	च	लं	नं	खं	देवी	,,		

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पूर्णे (अं)सत्यं (षं)शबले (हं)खर्वे (ह् स् ख् फ्रें)रामेः (क्लीं)महापरिवृत्तिः (स् ह् ख् फ्रें) महायुगं (०) शून्यं खं ३ युगे दं (एकोन्विंशति) परिवृत्तौ खं सदाशिव तत्त्व तृतीय वर्षे श्रीकरी ऋतौ आं भगमालिनी मासे मार्गशीर्ष कृष्ण ११ संवत् २०६८ शकः १९३३ से मार्गशीर्ष शु. १३ तदनुसार दि. २१ नवम्बर २०११ से ८ दिसम्बर २०११ पर्यंत।

अहर्गण	तिथि	ति.मा. घटी पल	तारीख	दिन	दिन मान घटी पल	लघुमास के अनुसार तिथि के अक्षर	पक्ष के अनुसार तिथि के अक्षर	दिन तत्त्व	तिथि नित्या	नाथ	उदय घटी	नक्षत्र	योग	करण	विद्या	महाविद्या	संक्रांति के अंश	पर्व दिन
	मार्गशीर्ष कृ. संवत् २०६८		नवम्बर सन् २०११															
१८६७४२९	११	३८-२	२१	सोम	२६-४५	सं	रं लं	अं	ॠं	अ	त	लृं	अं	ऋं	शिवा	त्रिनयना		
१८६७४३०	१२	३२-१३	२२	भौम	२६-४३	हं	वं शं	कं	ऋं	लृ	य	लृं	आं	ॠं	शाम्भवी	,,		
१८६७४३१	१३	२६-११	२३	बुध	२६-४१	ळं	षं सं	खं	ऊं	क	अ	एं	इं	लृं	काली	वाग्वादिनी		
१८६७४३२	१४	२०-११	२४	गुरु	२६-३९	क्षं	हं ळं	गं	उं	च	ए	ऐं	ईं	लॄं	कला	,,		पूजा
१८६७४३३	३०	१४-२४	२५	शुक्र	२६-३६	अं कं	क्षं अं कं खं	घं	ईं	ट	च	ओं	उं	एं	मालिनी	,,		
१८६७४३४	मार्गशीर्ष शु. १	९-३८	२६	शनि	२६-३४	खं	गं घं	ङ	इं	त	त	औं	ऊं	ऐं	मातंगी	,,		
१८६७४३५	२/३	५-०५ / ५४-१८	२७	रवि	२६-३२	गं घं	ङं चं छं जं	चं	आं	प	य	अं	ऋं	ओं	विजया	,,		
१८६७४३६	४	५८-३८	२८	सोम	२६-३०	ङं	झं ञं	छं	अं	य	अ	अः	ॠं	औं	जया	,,		
१८६७४३७	५	५७-२	२९	भौम	२६-२८	चं छं	टं ठं डं ढं	जं	अं	श	ए	कं	लृं	अं	भगवती	,,		
१८६७४३८	६	५६-३९	३०	बुध	२६-२६	जं	णं तं	झं	आं	अ	च	खं	लॄं	अः	देवी	,,		
१८६७४३९	७	५७-३५	दिस.२०११ १	गुरु	२६-२४	झं	थं दं	ञं	इं	लृ	त	गं	एं	कं	शिवा	,,		
१८६७४४०	८	५९-४७	२	शुक्र	२६-२३	ञं	धं नं	टं	ईं	क	य	घं	ऐं	खं	शाम्भवी	,,		पूजा
१८६७४४१	९	६०-०	३	शनि	२६-२१	टं	पं फं	ठं	उं	च	अ	ङं	ओं	ऋं	काली	भैरवी		
१८६७४४२	९	३-१०	४	रवि	२६-१९	टं	पं फं	डं	ऊं	ट	ए	चं	औं	ॠं	कला	,,		
१८६७४४३	१०	७-३२	५	सोम	२६-१८	ठं डं	बं भं मं यं	ढं	ऋं	त	च	छं	अं	लृं	मालिनी	,,		
१८६७४४४	११	१२-३६	६	भौम	२६-१६	ढं	रं लं	णं	ॠं	प	त	जं	अः	लृं	मातंगी	,,		
१८६७४४५	१२	१८-२	७	बुध	२६-१५	णं	वं शं	तं	लृं	य	य	झं	कं	एं	विजया	,,		
१८६७४४६	१३	२३-२१	८	गुरु	२६-१४	तं	षं सं	थं	लॄं	श	अ	ञं	खं	ऐं	जया	,,		

आभार-प्रदर्शन

आजकल आभार-प्रदर्शन भी एक देखादेखीकी रीति हो रही है। पाश्चात्त्य-सभ्यताके अनुकरणकी अहमहमिकाने भारतीयोंके हृदय भूताविष्टोंके समान जड़ कर दिये हैं। इसी कारण पाश्चात्त्योंका वाक्य वेदवाक्योंसे भी अधिक प्रमाण माननेमें आजकलके नवशिक्षितोंको गौरव जान पड़ता है। साधारणसे साधारण बातमें भी वे आभार-प्रदर्शनमें नहीं चूकते। हृदयमें हालाहल भरे रहने पर भी मुखसे अमृत उगलनेका प्रयत्न करते रहते हैं। किन्तु यह रीति मानव-समाजको वास्तविकतासे बहुत दूर फेंक देगी—इस बातको वे ध्यानमें नहीं ला रहे हैं, यह समाजका दुर्भाग्य है। संसारमें असत्यता भरी रहने पर भी उसका मूल सनातन सत्य है। अतएव सत्य का आश्रय ही स्थायी सुखकी ओर लेजासकता है। "असतो मा सद्गमय" आदि वैदिक उपदेश इन्हीं विचारोंको स्पष्ट करते हैं। सत्यावलम्बित आभार-प्रदर्शन मानसिक मलोंको धो डालता है। उपकार्य व उपकारकके बीचमें आभार-प्रदर्शन एक वह कड़ी है, जो महान्से महान् लोकोपकारक कार्यको सम्पादन करनेकी क्षमता रखती है। किन्तु दिखावटी आभार-प्रदर्शन अन्तर्विद्वेष बढ़ानेमें ही साधक होगा, कारण? वहां मन निर्मल नहीं। अस्तु।

पाठकवृन्द! हम सत्य हृदयसे कहते हैं कि हमें 'श्रीस्वाध्याय' के प्रकाशनमें जिन २ महानुभावोंने सहायता दी है उनके हम हृदयसे आभारी हैं।

सर्वप्रथम हम 'श्रीस्वाध्याय' के संरक्षक एवं सहायकोंके अत्यधिक आभारी होनेसे उनको साधुवाद देते हैं।

हां, अबकी बार बघाट राज्यकी श्री १०५ मती माजी महाराणी साहिबा (सिरमौरीजी) ने 'श्रीस्वाध्याय' का सहायकत्व स्वीकार कर महान् सुकार्य किया है, अतः उन्हें विशेष धन्यवाद हैं।

हम उन महानुभावोंके भी विशेष आभारी हैं, जिन्होंने अपने सुन्दर २ लेख भेजकर 'श्रीस्वाध्याय' को साहाय्य प्रदान किया है। उनमें [illegible] विशेष उल्लेखनीय नाम ये हैं— महामहोपाध्याय श्री पं० मथुराप्रसादजी दीक्षित साहित्याचार्य, डा० श्रीनाथ शास्त्री तिक्कू, पं० परमानन्दजी विद्यालङ्कार, वि०भू० पं० श्यामशरणजी शास्त्री, पं० आनन्दस्वरूप जी ज्यो०, पं० श्रीकण्ठदत्त नन्दकिशोर जी आयुर्वेदाचार्य, श्रीयुत पूज्यपाद सिद्धान्तपञ्चानन साहित्यभूषण पं० केदारनाथ जी रा०ज्यो०, श्री पं० मुरलीधरजी ज्यौतिषाचार्य, वि० भू० श्री पं० तारादत्त जी रा०ज्यौ०, श्री पं० चन्द्रदत्त जी शास्त्री जोशी, श्री पं० धनेशचन्द्रजी आयुर्वेदाचार्य आदि २। इनमेंसे कुछ विद्वान् महानुभावों के लेख ठीक समय पर प्राप्त न होनेसे स्थानाभावके कारण इस 'हेमन्ताङ्क' में नहीं जासके, इसके लिए हम उन विद्वान् लेखकोंसे क्षमाप्रार्थी हैं। यथासमय वे लेख भी प्रकाशित अवश्य होंगे।

"श्रीस्वाध्याय" के प्रेमी ग्राहकोंके भी हम आभारी हैं—जिन्होंने स्वयं और अपने इष्टमित्रोंसे वार्षिक-मूल्य भिजवाकर अपनी गुणग्राहकताका परिचय दिया है।

हमारे मित्र श्री पं० गोविन्द जी मिश्र और श्री पं० नन्दलालजी शास्त्री साहित्याचार्यने श्रीस्वाध्याय प्रकाशनमें जो सहायता दी — वह हम कभी नहीं भुला सकते। मिश्रजीने विद्वानोंसे लेख भिजवाने, ग्राहक बनाने आदि कई कार्योंमें सफल परिश्रम किया और शास्त्रीजीने प्रूफ संशोधनमें पर्याप्त सहायता दी। इस परिश्रमके लिए इन दोनों सज्जनोंको जितना भी धन्यवाद दिया जाय थोड़ा ही है।

अब कागजकी समस्या तो दिनोंदिन ऐसी जटिल होती जा रही है कि कुछ नहीं कहा जा सकता। जबसे जापानका नया आक्रमण हुआ तबसे तो चौगुणे दामों पर भी बाजारसे यथेच्छ कागज नहीं मिल रहा है। इस विकट परिस्थितिमें बहुत ऊंचे भावका कागज हमें प्रस्तुत अङ्कमें लेआना पड़ा है। ऐसी आर्थिक-कठिनाई सहन करके भी "श्रीस्वाध्याय" को पर्याप्त पाठ्य-सामग्रीसे पूर्ण एवं सुन्दर बनानेका प्रयत्न किया गया है। इस प्रयत्नको सफल बनाना विज्ञ पाठकोंके हाथ है। आशा है सभी सहृदय सज्जनोंका भविष्यमें भी हमें अधिकसे अधिक सहयोग प्राप्त होता रहेगा; जिससे उनका प्रिय-पत्र "श्रीस्वाध्याय" अधिकसे अधिक जनता-जनार्दनकी सेवा कर सके।

—हरदेव शर्मा त्रिवेदी

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri